


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03, अंक 254 | ग्वालियर, शुक्रवार 18 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज ट्रैक

### यूपी : बरेली में हिंदू युवा वाहिनी नेता की चाकू से गोदकर हत्या, पांच हिरासत में

**बरेली।** बरेली जिले में बुधवार रात हॉस्पिटल मालिक और हिंदू युवा वाहिनी नेता की चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई। सुबह हॉस्पिटल स्टाफ ने हत्या की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीमें के साथ ही एसएसपी, एसपी देहात, सीओ भी मौके पर पहुंचे गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या के मामले में पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हिंदू युवा वाहिनी नेता संजय सिंह मीरगंज के आनंदपुर गांव के रहने वाले थे। संजय सिंह शाही क्षेत्र के दुनका पुलिस चौकी के पास हॉस्पिटल संचालित कर रहे थे। बुधवार रात वह हॉस्पिटल कैंपस में ही थे। रात में उनकी हत्या कर दी गई। सुबह स्टाफ ने पुलिस को हत्या की सूचना दी। जिसके बाद एसएसपी, एसपी देहात और सीओ मौके पर पहुंच गए। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस पूछताछ के लिए हॉस्पिटल के पांच स्टाफ पुलिस हिरासत में लिया है। एक स्टाफ फरार हो गया है।


### दिल्ली विधानसभा अल्पसंख्यक समिति का आरोप, दंगों से संबंधित मामलों में एफआईआर की कॉपियां नहीं दे रही पुलिस

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा की अल्पसंख्यक समिति ने बुधवार को दिल्ली पुलिस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वह उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से संबंधित एफआईआर की कॉपियां उपलब्ध नहीं करा रही है। समिति ने इस मामले में गृह सचिव को दिल्ली पुलिस से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही समिति ने दंगा पीड़ितों के मुआवजे के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आम आदमी पार्टी के विधायक और समिति के अध्यक्ष अमानुल्लाह खान ने दिल्ली सरकार के गृह सचिव को इस मुद्दे पर दिल्ली पुलिस से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया है। बयान में कहा गया है कि बैठक में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा था कि दिल्ली पुलिस दंगों से संबंधित एफआईआर की कॉपियां विधानसभा की समिति को उपलब्ध नहीं करा रही है। समिति ने तीन दंगा पीड़ितों को अपने बयान दर्ज करने के लिए भी बुलाया। बयान में कहा गया कि दो महिलाओं ने आरोप लगाया कि उनके घरों को लूट लिया गया, जबकि एक गवाह ने दावा किया कि उनके भाई को दंगों में मार दिया गया था, लेकिन पुलिस ने इन तीन मामलों में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। उन मामलों में, जहां कथित रूप से मुआवजा वास्तविक नुकसान से कम था बैठक में उन पर भी चर्चा की गई और अमानतुल्लाह खान ने अधिकारियों को ऐसे सभी मामलों पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया।

### शादीशुदा महिला को भगाने की फिराक में था शिक्षक, परिवारवालों ने किया बुरा हाल

**बाड़मेर।** राजस्थान के बाड़मेर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। स्कूल शिक्षक नूर मोहम्मद पर विवाहिता को भगाने के आरोप के बाद विवाहिता के परिजनों ने जानलेवा हमला करते हुए नाक और कान काट कर उसे घायल कर दिया। शिक्षक को गंभीर हालत में गुजरात रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल, राजस्थान के बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी उपखंड के आरजीटी थाना क्षेत्र के भटाला गांव के निवासी 48 वर्षीय शिक्षक नूर मोहम्मद पर गांव की विवाहिता को भगाने का कुछ समय पहले आरोप लगा था। इस बात से खफा विवाहिता के परिजनों ने शिक्षक नूर मोहम्मद पर हमला कर न सिर्फ नाक और कान काट दिए, बल्कि मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एम्स से मिली छुट्टी, स्वस्थ होकर घर लौटे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को गुरुवार शाम दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से छुट्टी मिल गई। अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। अमित शाह को शनिवार रात करीब 11 बजे दोबारा से एम्स में भर्ती कराया गया था। एम्स के डायरेक्टर डॉक्टर रणदीप गुलेरिया की अगुवाई वाली टीम अमित शाह की देखरेख में लगी हुई थी।

जानकारी के अनुसार, पिछले महीने भी गृहमंत्री कोरोना के बाद पोस्ट कोविड केयर के लिए एम्स में भर्ती हुए थे। इसके बाद 12 दिन बाद उन्हें 30 अगस्त को एम्स से छुट्टी मिल गई थी, लेकिन 13 सितंबर को उन्हें फिर से पूर्ण चिकित्सा जांच के लिए भर्ती कराया गया था। गृहमंत्री अमित शाह पिछले दिनों कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद इलाज के लिए गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल भर्ती कराए गए थे। इलाज के बाद वह ठीक होकर घर लौट आए थे, लेकिन थकान और शरीर में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें फिर से एम्स में भर्ती कराया गया था। गौरतलब है कि 55 वर्षीय अमित शाह ने बीते माह 2 अगस्त को ट्विटर के माध्यम से देश के बताया था कि वह कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगों से सतर्क रहने और अपना टेस्ट कराने की सलाह दी थी।

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से अपील करते हुए कहा कि टेलीविजन चैनल्स व्यापक दर्शक हैं। हलफनामे में आगे कहा गया, कोर्ट को और आगे गाइडलाइन्स नहीं बनानी चाहिए... कोर्ट ने यह गौर किया कि ये मुस्लिम समुदाय को अपमानित की नीयत किया गया है।

## केन्द्र ने सुप्रीम कोर्ट से अपील, इलेक्ट्रोनिक मीडिया को रेगुलेट करने से करें परहेज

जैसे इलेक्ट्रोनिक मीडिया को रेगुलेट करने के लिए किसी तरह के कदम से उठाने से परहेज करें, क्योंकि इसको लेकर पहले से कानून है। यह कानून संसद और सुप्रीम कोर्ट के अतीत में दिए फैसलों से तैयार किया गया है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से दायर हलफनामे में केन्द्र ने कहा कि इसके लिए किसी तरह की गाइडलाइन्स की आवश्यकता नहीं है। यदि यह किसी के लिए जरूरत है तो वो है सबसे पहले डिजिटल मीडिया जैसे- वेब पोर्टल्स, यूट्यूब चैनल्स आदि। केन्द्र ने दावा किया कि मुख्य धारा के मीडिया के मुकाबले इसकी कहीं ज्यादा पहुंच और अगर वे यह कदम उठाना ही चाहते हैं तो सबसे पहले डिजीटल मीडिया को लेकर करना चाहिए, क्योंकि प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया को लेकर पहले से ही पर्याप्त फ्रेमवर्क और न्यायिक फैसले हैं। यह हलफनामा सुदर्शन न्यूज चैनल की तरफ से सिविल सर्विसेज में मुस्लिमों के प्रवेश पर प्रसारित कार्यक्रम बिंदास बोल को लेकर दायर किया गया था। 15 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से विवाद कार्यक्रम के आगे के प्रसारण पर रोक लगा दी गई थी। इसके साथ ही, पहले के चार एपिसोड में जिस तरह के कंटेंट का प्रसारण किया गया, उसको लेकर इससे पहले, केन्द्र ने पत्रकारिता की स्वतंत्रता की हिमायत करते हुये मंगलवार को न्यायालय से कहा कि प्रेस को नियंत्रित करना किसी भी लोकतंत्र के लिये घातक होगा। न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति इन्दु मल्होत्रा और न्यायमूर्ति के एम जोसेफ की पीठ ने स्पष्ट किया कि वह मीडिया पर सेन्सरशिप लगाने का सुझाव नहीं दे रहा है लेकिन मीडिया में किसी न किसी तरह का स्वत-नियंत्रण होना चाहिए। पीठ ने टिप्पणी की कि इंटरनेट को नियमित करना मुश्किल है लेकिन अब इलेक्ट्रानिक मीडिया का नियमन करने की आवश्यकता है।

## ड्रग्स केस में नाम आने के बाद रकुल प्रीत सिंह पहुंचीं दिल्ली हाईकोट

**नई दिल्ली।** सुशांत सिंह राजपूत मौत मामले में ड्रग्स एंगल की जांच के दौरान अपना नाम सामने आने के बाद अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिस पर आज सुनवाई हुई। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह की उस याचिका पर आज यानी गुरुवार को केंद्र से जवाब मांगा जिसमें उन्होंने रिया चक्रवर्ती ड्रग मामले से उन्हें जोड़ने वाली मीडिया रिपोर्टों पर रोक लगाने की मांग की है। न्यायमूर्ति नवीन चावला ने अभिनेत्री की याचिका पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, प्रसार भारती और भारतीय प्रेस परिषद को नोटिस जारी किया और जवाब मांगा।



अदालत ने अधिकारियों से कहा कि वे अभिनेत्री रकुल की याचिका को अभिवेदन मानें और सुनवाई की अगली तारीख 15 अक्तूबर से पहले इस पर फैसला लें। उच्च न्यायालय ने कहा कि उसे उम्मीद है कि रिया चक्रवर्ती से जुड़े मामले में अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह से संबंधित खबरों में मीडिया संयम बरतेगा। उसने आशा जताई कि याचिकाकर्ता से संबंधित खबरें बनाते वक्त मीडिया प्रतिष्ठान अपनी खबरों में संयम बरतेंगे, केबल टीवी नियमों, प्रोग्राम कोड तथा अन्य दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे। अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने याचिका में दावा किया है कि रिया चक्रवर्ती अपना वह बयान वापस ले चुकी है जिसमें उसने कथित तौर पर याचिकाकर्ता का नाम लिया था, उसके बावजूद मीडिया में आ रही खबरों में उन्हें इस मामले से जोड़ा जा रहा है। अभिनेत्री का प्रतिनिधित्व अधिवक्ता अमन हिंगोरानी ने किया।

## मुख्तार अंसारी के बाद सांसद अफजाल का मकान भी ध्वस्त होगा क्या? फैसला 21 को



**लखनऊ।** सांसद अफजाल अंसारी का भी मकान गाटा संख्या 93 पर ही स्थित है जो निष्क्रांत सम्पत्ति है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से जिला प्रशासन को भेजी गई चिट्ठी के बाद दोबारा पैमाइश कराई गई। इसमें यह तथ्य सही पाया गया। अब जिला प्रशासन की ओर से एलडीए को चिट्ठी का जवाब भेज दिया गया। ऐसे में सांसद के निर्माण पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। क्योंकि निष्क्रांत सम्पत्ति सरकारी है। इसी जमीन पर कुछ दिन पहले मुख्तार अंसारी के निर्माण को एलडीए ने ध्वस्त कर दिया था। एलडीए में अब इस मामले की सुनवाई 21 सितम्बर को होगी। एलडीए की ओर से 14 सितम्बर को पत्र भेजा गया था। इसमें उप जिलाधिकारी के पूर्व में भेजे गए पत्र का हवाला था। इसके अनुसार गाटा संख्या 93 पर अंकित खातेदारों के नाम खारिज कर निष्क्रांत सम्पत्ति दर्ज करने का आदेश पारित हुआ था। भवन संख्या 21/14 बी के संबंध में वैधानिक कार्रवाई कर निष्क्रांत सम्पत्ति को सुरक्षित रखने की अपेक्षा की गई है। एलडीए के अनुसार 31 अगस्त को इसी आधार पर इस भवन स्वामी फरहत अन्सारी, पत्नी अफजाल अंसारी को नोटिस भेजा गया। जवाब में 14 सितम्बर को फरहत अंसारी की ओर से जवाब भेजा गया। इसमें उनका कहना है कि उनका भवन खसरा संख्या 104 में स्थित है। इसी आधार पर एलडीए ने उप जिलाधिकारी सदर से जवाब मांगा।

**सैटेलाइट से पुख्ता किया नक्शा**–प्रशासन ने दोबारा पैमाइश कर सैटेलाइट के नक्शे से सॉफ्टवेयर के जरिए मिलान कराया। उसमें भी पाया गया कि जियामऊ डालीबाग स्थित भवन संख्या 21/14 बी गाटा संख्या 93 पर ही स्थित है। यह निष्क्रांत सम्पत्ति है। यह वो सम्पत्ति है जो बंटवारे के समय पाकिस्तान जा बसे लोगों की थी। इसकी मलकियत अब सरकार की है। एसडीएम सदर सूर्यकांत त्रिपाठी ने बताया कि एलडीए को जवाब भेज दिया गया है।

## खजाना खोजने में हुई 2 लोगों की अंधे कत्ल की गुत्थी का खुलासा



मोहन मांझी

**गोहद** –श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मनोज कुमार सिंह एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिंड श्री संजीव कंचन महोदय के निर्देशन में एसडीओपी गोहद श्री परमाल सिंह मेहरा के कुशल मार्ग निर्देशन में अंधे कत्ल सफीना खोदने वाले दोहरे हत्याकांड की गंभीरता को देखते हुए थाना मौ उपनिरीक्षक रामबाबू यादव उपनिरीक्षक नितेंद्र सिंह मावई उपनिरीक्षक उपेंद्र सिंह धाकड़ एवं थाना प्रभारी गोहद उप निरीक्षक महेंद्र सिंह धाकड़ को सुलझाने में एक टीम का गठन किया गया था पुलिस टीम के द्वारा विगत 5 दिन में खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया घटना इस प्रकार है दिनांक 11/09/2020 को फरियादी लक्ष्मण बाथम ने बताया कि मेरे साथ शाम 5:00 बजे उमेश कुशवाहा अपने घर से खजाना खोजने की बात बताकर मोटरसाइकिल से बेहट की कहकर साथ में गए थे रास्ते में मौ पहुंचे वहां खलीफा कुशवाहा उर्फ विजय सिंह और थान सिंह कुशवाह निवासी मोटरसाइकिल से मिले वहां से 5 लोग दो मोटरसाइकिल पर बेहद पहुंचे बेहट में रामदास गुर्जर अपने खेत पर बने कुआं पर मिला वहां पर कुआं पर बैठकर हम सभी लोगों की खेत में गड़े खजाने धन को गड्ढा खोदने की बात हुई तभी खलीफा कुशवाहा और उमेश कुशवाहा की ?10000 खजाना के गड्ढा खोदने के संबंध में शर्त रखी गई खलीफा कुशवाहा रामदास गुर्जर ने उमेश और होतम और मुझसे यह बात रखी थी कि अगर तुम तीनों ने 5 फुट गहरा गड्ढा खोद दिया तो हम तुम्हें ?10000 देंगे अगर तुम लोग खजाने का गड्ढा नहीं खोद पाए तो 10,000 तुम लोग हमें दोगे और खजाना मिलने पर आधा आधा बांट लेंगे उसी समय पूजा के लिए खलीफा कुशवाहा ने रामदास गुर्जर और थान सिंह कुशवाहा से प्रसाद चढ़ाने के लिए 2 किलो लड्डू 1 किलो जलेबी और पूजा की सामग्री कुआं से रामदास गुर्जर अपने खेत में सभी को लेकर गया वहां पर खलीफा कुशवाह ने खजाने के लिए गड्ढा खोदने की जगह बता कर पूजा की पूजा करने के बाद तीनों को थान सिंह ने प्रसाद में लड्डू और जलेबी खाने के लिए दिए हम तीनों ने उमेश होतम कुशवाह ने लड्डू जलेबी का प्रसाद खाया था मैं मीठा कम खाता हूं इसलिए मैंने कम लड्डू जलेबी खाए थे इसके बाद हम तीनो लोग गड्ढा खोदने लगे गड्ढा करीब 5 फुट हुआ होता और उमेश के मूड में दर्द होने लगा मेरी जीभ चिपकने लगी तो हम सभी ने खलीफा कुशवाह और थान सिंह कुशवाह और रामदास गुर्जर को यह बात बताई और खलीफा कुशवाहा ने बोला कि भागो जल्दी से कोई हवा ब्यार आ गई है तभी हम वहां से सभी लोग भागे और कुआं की तरफ आए कुआं से अपनी मोटरसाइकिल पर उमेश होतम एवं मैं बैठ कर आए यह बात रात्रि करीब 2:30 बजे की होगी फिर हम रास्ते में बेसुध हो गए मदनपुरा गुहीसर के रास्ते में होतम कुशवाह उतर गए और उमेश मोटरसाइकिल लेकर घर की तरफ चला आया होतम मदनपुरा के पास गला चिपकने से तड़प रहे थे तभी सुबह होने पर गांव वालों ने पुलिस को खबर दी तब तक होतम की सांस टूट गई मैं बेहोश पड़ा हुआ था पुलिस मुझे और होतम को मौ अस्पताल लेकर गए पड़ोसी कल्लू जाटव के साथ अपने घर आया मुझे पता चला कि उमेश भी गोहद मे मरा मिला था यह बात अपने होश में आने के बाद आज मैंने उमेश होतम के परिवार वालों को बताई खलीफा कुशवाहा थान सिंह कुशवाहा रामदास गुर्जर ने खजाना खोदने के लिए बुलाया और प्रसाद के लड्डुओं में हम तीनों को जहर जान से मारने की नियत से खिलाया ताकि हम लोग शर्त के पैसे नहीं मांग सके जहर के कारण ही मेरे साथ होतम और उमेश कुशवाहा की मृत्यु हो गई हम लोगों का पैसा और मोबाइल और सामान उन्हीं लोगों के पास छूट गया था यह बात होतम के भाई वीरेंद्र सिंह कुशवाहा एवं उमेश के पिताजी अमर सिंह कुशवाहा के साथ थाने पर आकर लिखित आवेदन दिया जिसमें प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए आरोपी गढ़ के नाम खलीफा और विजय सिंह कुशवाहा पुत्र गेंदालाल 50 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 9 थाना मौ , थानसिह पुत्र हाकिम सिंह कुशवाह उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 13 ब्योरा रोड मौ,रामदास गुर्जर गुर्जर रनवीर गुर्जर 40 वर्ष निवासी लाल पहाड़ी के पास बेहट ग्वालियर है।





ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

## एक नजर...

### अनुसूचित जाति एवं जनजाति पीड़ितों को राहत जल्द मिले

**नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन हुई बैठक**

**भोपाल ।** नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 तथा अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के प्रावधानों के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक मंत्रालय में प्रमुख सचिव आदिम जाति कल्याण एवं अनुसूचित जाति कल्याण श्रीमती पल्लवी जैन गोविल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जैसे ही न्यायालयों में सामान्य कामकाज प्रारंभ हो तत्काल लंबित चालान प्रस्तुत किये जाएं। इसी प्रकार विशेष न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में शीघ्र सुनवाई के लिये उच्च न्यायालय का ध्यान आकृष्ट करने के लिये विधि विधायी कार्य विभाग के उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में निर्देश दिये गये कि पीड़ित व्यक्तियों को राहत भुगतान लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में की जाए। बैठक में आयुक्त अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, अपर सचिव विधि एवं विधायी कार्य विभाग, पुलिस महानिरीक्षक आ.जा.क., उप सचिव गृह विभाग तथा लोक संचालक लोक अभियोजन के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**नागरिक अधिकार संरक्षण प्रकोष्ठ**-प्रदेश में आयुक्त अनुसूचित विकास के अधीन कार्यालय नागरिक अधिकार संरक्षण प्रकोष्ठ (पीसीआर सेल) बनाया गया है। इसके साथ ही अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आ.जा.क. के अधीन 51 जिलो में विशेष पुलिस थाना। 51 उप पुलिस अधीक्षक आ.जा.क., 10 रेंज पुलिस अधीक्षक आ.जा.क. कार्यालयों की स्थापना के साथ विधि विधायी कार्य विभाग के अन्तर्गत 50 जिलो में विशेष न्यायालय कार्य कर रहे हैं।

### असंभव को संभव करके दिखा रहे हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी : मंत्री श्री पटेल

**हरदा में भी पोषण आहार अभियान का शुभारंभ**

भोपाल। किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हरदा में पोषण आहार अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राष्ट्र निर्माण की दिशा में असंभव को भी संभव करके दिखा दिया है। कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने का यह अभियान देश को और अधिक समृद्ध और शक्तिशाली बनाएगा। उन्होंने कहा कि आज दो महान युग पुरुषों का जन्मदिन है, एक भगवान विश्वकर्मा जिन्होंने शिल्प कला दी और दूसरे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने देश के सर्वांगीण विकास के लिए बगैर अवकाश के अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित कर दिया हैं। उनके द्वारा लिए गए निर्णय देश हित मे अभूतपूर्व और ऐतिहासिक हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि बीसवीं सदी अंग्रेजों की है, लेकिन 21वीं सदी भारत की होगी जिसे हम साकार होते हुए देख रहे हैं। सशक्त और समर्थ भारत का पुनरुत्थान और पुनर्निर्माण होते पूरी दुनिया देख रही है। भारत के बच्चे युवा, युवती और समाज के सभी वर्गों में स्वाभिमान, पुरुषार्थ, चरित्र और देशभक्ति के चारो गुणों से ओतप्रोत महान व्यक्तित्व हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं।

### गरीब तबके को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करना राज्य सरकार की प्राथमिकता

पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्री पटेल ने निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

**भोपाल ।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रामखेलावन पटेल ने कहा है कि प्रदेश के गरीब वर्ग के लोगों को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी मकसद से प्रदेश में स्ट्रीट वेंडर योजना का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। राज्य मंत्री श्री पटेल बुधवार को सतना जिले के अमरपाटन जनपद में 31 लाख रूपये के 4 निर्माण कार्यों के लोकार्पण के बाद जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 2 मांगलिक भवन, आंगनवाड़ी भवन और विद्यालय की बाउंड्री वॉल का लोकार्पण किया। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश भर में प्रतिदिन जन-कल्याण के अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों को सहायता पहुँचाई जा रही है। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लघु एवं मध्यम उद्योग स्थापित किये जाने को प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनसमुदाय को उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, स्वच्छता मिशन जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### फर्जी एसपी बन फरारी काट रहे दुष्कर्म व धोखाधड़ी के आरोपी को इंदौर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**इंदौर।** इंदौर पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जो उज्जैन के चिमनगंज और माधव नगर थाने से फरारी काट रहा था। विजय नगर पुलिस ने क्षेत्र के एक लग्जरी होटल से उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को किसी मिशन पर आया आईपीएस अधिकारी बताकर होटल स्टाफ पर रौब झाड़ रहा था। सिर्फ इतना ही नहीं उसने अपने कई दोस्तों के मोबाइल नंबर ट्रू कॉलर पर उज्जैन कलेक्टर, डीआईजी, इंदौर एसपी के नाम से सेव भी कर रखे थे।

**एसपी बन डीआईजी व एसपी से कर लेता था बात**-आरोपी जब भी होटल के रिसेप्शन पर खड़ा होता था तो बड़े-बड़े लोगों के ट्रू कॉलर पर आने वाले नाम स्टाफ को दिखाकर उनसे आईपीएस अधिकारी बनकर बातें करता था। बाद में किसी होटल में डिस्काउंट लेकर तो कई अतिरिक्त सुविधाएं ले लेता था। इंदौर में ये उज्जैन के थानों में दर्ज प्रकरणों की फरारी काटने के लिए रुका था। इसने यहां रुतबा जमाने के लिए विधायक, महापौर और कई बड़े नेताओं से फोन करवाए थे। जब विजय नगर पुलिस होटल स्टाफ की सूचना पर पहुंची तो पुलिस वालों पर भी धाक जमाने के लिए इसने डीआईजी और एसपी से सीधे बात कर ली थी। लेकिन बाद में विजय नगर पुलिस की टीम ने इसकी पोल खोल दी और गिरफ्तार कर लिया।

### कबीर सिंह भदौरिया को मिला स्वर्ण भारत राष्ट्रीय खेल रत्न पुरस्कार

**वासुदेव मिश्रा रिपोर्टर**

मध्य प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के कप्तान कबीर सिंह भदौरिया को मिला स्वर्ण भारत राष्ट्रीय खेल रत्न पुरस्कार स्वर्ण भारत परिवार दिव्यांग कल्याण बोर्ड एफिलेटेड नीति आयोग द्वारा राष्ट्रीय दिव्यांग व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ी ग्वालियर के कबीर सिंह को ऑनलाइन स्वर्ण भारत राष्ट्रीय खेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन एवं खेल के प्रति निष्ठा के लिए यह पुरस्कार समारोह राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित होना था लेकिन कोरोना काल के कारण इसे ऑनलाइन किया गया इस पुरस्कार के लिए पूरे देश से सर्वश्रेष्ठ 101 दिव्यांग खिलाड़ियों को चुना गया। इस उपलब्धि के लिए मध्य प्रदेश टीचर क्रिकेट टीम के द्वारा एवं समाजसेवी संस्था द्वारा कबीर सिंह को बधाई दी। कबीर भदोरिया ने इस पुरुस्कार के लिए चयन करने पर स्वर्ण भारत दिव्यांग कल्याण बोर्ड के फाउंडर पीयूष पंडित, कार्यक्रम प्रभारी कंचन शर्मा, अध्यक्ष शताब्दी अवस्थी एवं दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के हारून रशीद को धन्यवाद व्यक्त किया।

---

लाड़ली लक्ष्मी योजना की

# बालिकाओं से मिलकर अभिभूत हूँः मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज राज्यव्यापी पोषण महोत्सव के शुभारंभ के बाद बालिकाओं से वार्तालाप और दुग्ध वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रदेश में गरीब कल्याण सप्ताह के अन्तर्गत विशेष रूप से आंगनवाड़ियों में दुग्ध वितरण किया गया।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अंकुर विद्यालय परिसर में बच्चों को अपने हाथ से पिलाया पौष्टिक दूध**

**आत्मीयता से ओतप्रोत कार्यक्रम में बालिकाओं को वितरित किए प्रमाण-पत्र**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना लाभान्वित बालिकाओं से हुई उनकी भेंट सुखदायी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि करीब पंद्रह वर्ष पूर्व लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रारंभ की गई थी। वे बालिकाएं जो योजना का लाभ लेकर अब शिक्षा हासिल करते हुए बड़ी कक्षाओं की तरफ बढ़ रही हैं, उनसे मिलना और बातचीत करना जीवन का एक सुखद और यादगार अनुभव है। आज इन लाड़लियों से भेंट कर अभिभूत हूँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अक्षिता, अनुष्का, तेजल, सूर्या, वर्तिका और अन्य बालिकाओं को योजना अंतर्गत प्रमाण-पत्र प्रदान किए। उन्होंने बालिकाओं से पढ़ाई-लिखाई और केरियर निर्माण के बारे में भी बातचीत की। यह कार्यक्रम स्वामी दयानंद नगर के अंकुर विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान और मंत्री श्रीमती इमरती देवी ने अपने हाथों



से बच्चों को सुगंधित और पौष्टिक दूध पिलाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री बनने के बाद समाज में बालिकाओं और महिलाओं की स्थिति को देख उनके मन में लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रारंभ करने का विचार मन में आया था। आज यह योजना फलीभूत हुई है। परिवार में कन्या के जन्म की खुशियां मनाई जाती हैं। बालिकाओं को बेहतर लालन-पालन और पढ़ाई-लिखाई के लिये सहायता मिलने से उनका मलोबल बढ़ा है। बालिकाएं सशक्त हो रही हैं। इससे बढ़कर प्रसन्नता क्या होगी।

**आंगनवाड़ी केन्द्रों को स्वैच्छिक सहयोग मिले**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राजधानी भोपाल से लेकर प्रदेश के गांव-गांव तक आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित हैं। ये केन्द्र छोटे बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा, पोषण आहार देने के साथ उनका उत्साह भी बढ़ाते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम बनाने के लिये उनके अपने भवन बनाने, बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और बेहतर पोषण आहार उपलब्ध करवाने के प्रयास निरंतर किये जा रहे हैं। आंगनवाड़ी केन्द्रों में एक मटका अथवा पात्र रखकर स्वैच्छिक सहयोग भी आमंत्रित किया जा रहा है। इस सामाजिक जिम्मेदारी के अंतर्गत आमजन, शासकीय और अशासकीय संगठन आर्थिक सहायता से लेकर खिलौने, पोषण आहार भी दे सकते हैं। पारिवारिक मांगलिक प्रसंग जैसे जन्मदिन, विवाह, वर्षगांठ के अवसर पर नागरिकगण आंगनवाड़ी बच्चों को लाभान्वित कर खुशियां मना सकते हैं।

**बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देख मुस्कुराए सभी**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वार्ड-31 स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 729 जिला भोपाल में पहुँचकर जब बच्चों को सुगंधित दूध का वितरण किया, बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। बच्चों की प्रसन्नता और स्वाभाविक मुस्कान देखकर सभी उपस्थित अतिथि मुस्कुरा उठे। अंकुर विद्यालय के कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती इमरती देवी सहित प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास श्री अशोक शाह, संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती स्वाति मीणा, कलेक्टर भोपाल श्री अविनाश लवानिया, स्थानीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

---



**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विश्वकर्मा जयन्ती की शुभकामनाएँ दी**

भोपाल । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विश्वकर्मा जयन्ती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा निर्माण के देवता हैं। इस अवसर पर उन्होंने निवास में पूजा-अर्चना भी की।

## पोषण आहार से ही बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास होगा : राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह

**गरीब कल्याण पखवाड़ा अन्तर्गत पोषण उत्सव कार्यक्रम संपन्न**

**भोपाल ।** जिस प्रकार मकान वही मजबूत रहता है जिसकी नींव मजबूत होती है उसी प्रकार बच्चे जो बचपन से ही पोषण युक्त भोजन लेते हैं वे ही आगे चलकर स्वस्थ्य युवा बनते है उक्त आशय के विचार उद्यानिकी एवं खाद्य प्रंसस्करण (स्वतंत्र प्रभार) एवं नर्मदा विकास विभाग राज्यमंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने आज सीहोर जिला मुख्यालय पर शासकीय खेलकूद संस्थान आवासीय परिसर में गरीब कल्याण पखवाड़ा अन्तर्गत पोषण उत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किए। राज्य मंत्री श्री कुशवाह के साथ उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, नागरिकों ने मुख्यमंत्री के वेबकास्ट कार्यक्रम का भी सीधा प्रसारण सुना।

पोषण उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका बच्चों के लिए दूसरी मां की तरह होती हैं । वह बच्चों को पोषण आहार प्रदान करती हैं। कमजोर परिवार के बच्चों को आंगनवाड़ी तक पहुंचाने का कार्य सबको करना है। कुपोषण को खत्म करने के लिए हम सबको सामूहिक प्रयास करने होंगे। पोषण आहार से ही बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास होगा। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ हितग्रहियों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यानिकी के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। हमे उत्पादन के साथ-साथ प्रसंस्करण का कार्य भी करना है। सीहोर में विभागीय नर्सरी में ऐसे पौधे रौपे जाएंगे जो कृषकों द्वारा मांगे जाते हैं। राज्य मंत्री श्री कुशवाह द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत छात्रवृत्ति एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। जिला स्तरीय समेकित स्वास्थ्य एवं पोषण कार्ययोजना का विमोचन किया। ग्राम,वार्ड, नगरीय निकाय स्तरीय समेकित स्वास्थ्य एवं पोषण कार्ययोजना का भी राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने विमोचन किया। उन्होंने कुपोषित बच्चों को मिल्क पाउडर का वितरण, कुपोषित बच्चों के घरों में लगाए जाने के लिए फलदार पौधों और दिव्यांगजन को ट्राइसाइकिल का वितरण भी किया। कार्यक्रम में विधायक सीहोर श्री सुदेश राय, आष्टा विधायक श्री रघुनाथ सिंह मालवीय, श्री रवि मालवीय, श्री सीताराम यादव, श्री राजकुमार गुप्ता, श्री प्रिंस राठौर आदि उपस्थित थे ।

### मंत्री श्री सिसोदिया ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को जन्म दिवस की बधाई दी

**भोपाल ।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 70वें जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा है कि श्री मोदी ने भारतवर्ष का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। उन्होंने गरीबों के कल्याण के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की हैं। देश के सर्वांगीण विकास के लिए कई निर्णय लिए है। श्री सिसोदिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दीर्घायु जीवन की कामना की है।

## राज्य स्तरीय वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह में होंगे विभिन्न आयोजन

**भोपाल ।** राज्य स्तरीय वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के दौरान भोपाल स्थित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित होंगी। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान संचालक ने बताया कि 1 से 7 अक्टूबर तक रोजाना होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को 28 सितम्बर 2020 के पहले पंजीयन कराना जरूरी होगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की प्रतियोगिताओं में सीमित संख्या में प्रतिभागियों को प्रवेश की सुविधा मिल सकेगी।

संरक्षण सप्ताह में दरम्यान चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता, वल्चर्स ऑफ मध्यप्रदेश थीम पर ऑनलाइन फोटो प्रतियोगिता, फेसबुक और यू-ट्यूब पर ऑनलाइन सजीव वार्तालाप टाइगर्स फॉर वाटर सिक्यूरिटी विषय पर होगी। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान, पक्षी दर्शन एवं प्रकृति शिविर, खजाने की खोज, फेस पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। इसी दरम्यान वन विहार में तितली पार्क में तितलियों को जानिए नेचर कैम्प, विहार वीथिका में एनीमल कीपर्स के साथ सीधा संवाद होगा। शहरों के बीच संरक्षित क्षेत्रों का प्रबंधन विषय पर ऑनलाइन वार्ता, मेहदी प्रतियोगिता, दीवार पेंटिग प्रतियोगिता, ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता, सृजनात्मक कार्यशाला, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और ऑनलाइन के जरिए जस्ट ए मिनिट प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। वन्य प्राणी सप्ताह के दौरान वन्य-प्राणी फोटो प्रतियोगिता वन्य प्राणी उनके रहवास विषय पर होगी। इसी दौरान विभागीय गतिविधियों पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। अंतिम दिन 7 अक्टूबर को दोपहर में वन्य-प्राणी संरक्षण सप्ताह का समापन समारोह आयोजित होगा।

### मप्र में किराया बोर्ड की बैठक के बाद अब प्राइवेट बसों में यात्रा करना होगा महंगा

**भोपाल।** ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि मध्य प्रदेश में संचालित प्राइवेट यात्री बसों का किराया 25 फीसदी तक बढ़ाया जा सकता है। जिसके बाद यात्रियों को महंगा सफर करना पड़ेगा। बस ओनर्स एसोसिएशन ने परिवहन विभाग को किराया बढ़ाने को लेकर अपने तर्कों सहित मांग पत्र सौंपा है। इसमें 50 फीसदी तक किराया बढ़ाने की मांग की गई है। एसोसिएशन द्वारा दिए गए पत्रक के बाद अगले एक-दो दिन में किराया बोर्ड की मीटिंग कर उन पर विचार किया जाएगा। वर्तमान में 730 में से अब तक 170 बसों का ही संचालन हो रहा है। उनमें भी यात्रियों की कमी चल रही है और बस ऑपरेटरों को भी घाटा हो रहा है। हरदा रूट पर गत दिवस अपनी बस का संचालन शुरू करने वाले ऑपरेटर मंगल सिंह चौहान ने बताया कि उन्होंने अपनी गाड़ी को 6600 रुपए का डीजल भरवाने के बाद हरदा भेजा था।

## कोरोना महामारी में समर्पित सेवा कर रहे जूनियर डॉक्टर्स के हित संरक्षण में निर्णय

**भोपाल ।** प्रदेश के शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (डिग्री/डिप्लोमा) मेडीसिन, एनेस्थेसिया एवं पल्मनरी मेडीसिन के उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सेवाएं अस्थायी रूप से पी.जी.एम.ओ. के रूप में कोविड-19 के कार्य के लिए सेवाएं ली गई है। कोरोना काल में ली गई सेवा अवधि के कार्य को उनके द्वारा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के बाद की जाने वाली अनिवार्य ग्रामीण सेवा की अवधि में विकलनीय किए जाने का निर्णय लिया गया है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कोविड-19 महामारी में समर्पित सेवाएं प्रदान कर रहे जूनियर डॉक्टर के हितों को संरक्षित करने के लिए यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जूनियर डॉक्टरों की अन्य मांगों को भी निश्चित समय-सीमा में निराकृत करने की भी कार्यवाही की जाएगी। मंत्री श्री सारंग ने कोविड-19 डयूटी में पी.जी.एम.ओ. के रूप में सेवाएं प्रदान करने वाले जूनियर डॉक्टर की सेवा अवधि को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा स्वीकृत मानदेय पर 3 माह (अक्टूबर-दिसम्बर) के लिए बढ़ाये जाने का भी निर्णय लिया गया है। विदित हो चिकित्सा महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के छात्र/छात्राओं को डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम के बाद एक वर्ष की अनिवार्य ग्रामीण सेवा किए जाने का प्रावधान है। इस निर्णय के बाद कोविड-19 महामारी में पी.जी.एम.ओ. के रूप में समर्पित सेवाएं प्रदान करने वाले स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को लाभ मिल सकेगा। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा विगत माह से इस आशय की मांग की जा रही थी।



## देवलोक रचियता विश्वकर्मा जयंती और सक्षम भारत निर्माता श्री मोदी के जन्मदिन का अद्भुत संयोग : मंत्री डॉ. मिश्रा

**बच्चों को पौष्टिक दुध और वृद्धों को किये फल वितरित**

**भोपाल।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने आज के दिन को अद्भुत संयोग बताते हुए देवलोक रचियता श्री विश्वकर्मा को विश्वकर्मा जयंती पर सादर नमन करते हुए समर्थ और सक्षम भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर उन्होंने शाहजहाँनाबाद की आँगनबाड़ी में बच्चों को पौष्टिक दूध और आसरा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को फल वितरित किये। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सेवा सप्ताह मनाते हुए कुपोषण से मुक्ति के लिये आँगनबाड़ी केन्दों में बच्चों को पौष्टिक दूध और लाड़ली लक्ष्मियों को प्रमाण-पत्र वितरित करने के साथ ही नवीन आँगनबाड़ी केन्द्रों का शुभारंभ किया गया है। गरीबों, किसानों और सभी वर्गों के सशक्तिकरण के लिये पूरे सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी का जीवन प्रारंभ से ही शोषित पीड़ितों की सेवा और राष्ट्र उत्थान के लिये समर्पित रहा है। प्रदेश सरकार इसी भाव को अंगीकार करते हुए निरंतर सभी वर्गों के कल्याण के लिये कार्य कर रही है। कार्यक्रम में श्री सुमित पचौरी, श्री दुर्गेश केसवानी और अन्य जन-प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

# शराब माफियाओं पर भारी टेंटरा थाना प्रभारी, टेंटरा थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा की कार्यवाही

पुष्पांजली टुडे

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक मुरैना अनुराग सुजानिया के निर्देशन में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत टेंटरा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है मुरैना पुलिस द्वारा इन शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाए हुये हैं, इसी क्रम में आज टेंटरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक कार से विजयपुर की तरफ से भगा कर ले जाने लगा संदिग्ध बहान का पीछा किया गया तो उक्त कार चालक शाहपुरा गाओं के आगे पुलिया पर कार को छोड़कर भाग गया और वहीं कार में बैठे दूसरे ब्यक्ति को पुलिस ने धर दबोचा ओर फोर्स की मदद से कार को चेक किया गया जिसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी एबम देशी मदिरा बरामद की गई एबम एक कार जिसकी कुल कीमत 5 लाख 34 हजार 450 रुपये आंकी गयी। टेंटरा थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा से मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि आरोपी दिलीप पुत्र लक्ष्मीनारायण मीणा उम्र 22 बर्ष निबासी मंगरोल



थाना सबलगढ़ जिला मुरैना एवम एक अन्य आरोपी कल्लू उर्फ कल्याण सिंह पुत्र भगवान सिंह रावत उम्र 24 बर्ष निबासी शंकरपुर मोजा सिकरौदा थाना जौरा बहान छोड़कर बाजरे की फसल का फायदा लेकर भागने में सफल हो गया आरोपी एक कार जिसका नःम्बर ॥क्र 51 ड्ड 1302 वाहन में देशी एबम अंग्रेजी शराब की पेटी जिसकी कीमत लगभग पांच लाख चोंतीस हजार चार सौ पचास रूपये की लेकर जा रहे थे तभी विजयपुर की तरफ से शाहपुरा की तरफ जा रहे शराब तस्करों को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। टेंटरा थाना प्रभारी ने आगे बताया कि इस समय कोरोना महामारी के चलते मुस्तैदी से क्षेत्र में पुलिस विभिन्न स्थानों पर तैनात है,तभी मुखबिर के द्वारा गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अवैध शराब की पेटी एक कार में लेकर आ रहे हैं तभी तत्परता से नाकेबंदी की गई ओर शाहपुरा के पास पीछा करते हुए एक कार एबम एक आरोपी को पकड़ा और पेटियों के संबंध में शराब तस्करों से लाइसेंस व परमिट की माँग की गई तो उन्होंने नहीं दिखा पाया। दोनों आरोपीगणो के खिलाफ धारा 34 (2)आवकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ कर दी है थाना प्रभारी टेंटरा पुष्पक शर्मा की इस कार्यबाही में सहायक उपनिरीक्षक एन. के गोरसिया,अशोक मीणा, आरक्षक महेंद्र सिंह,खगेन्द्र, नंदकिशोर, राकेश,मोहन,प्रमोद सिकरवार एबम आरक्षक चालक समीर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मनचले से तंग आकर पूर्व प्रिंसिपल की बेटी ने तीसरी मंजिल से कूदकर जान दी

**मेरठ।** मेरठ के ईश्वरपुरी में बुधवार रात पूर्व प्रिंसिपल की बेटी ने मनचले से तंग आकर अपने घर की तीसरी मंजिल से कूदकर जान दे दी। परिजनों का आरोप है कि मोहल्ले का एक युवक उससे छेड़छाड़ करता था। इससे आहत होकर उसने यह खौफनाक कदम उठाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी को हिरासत में ले लिया है।ईश्वरपुरी फूल मंडी निवासी डालचंद राम सहाय इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हैं। उनकी 30 वर्षीय बेटी रिंकी बुधवार रात करीब 8 बजे घर की छत पर गई और वहां से कूद गई। रिंकी की मौके पर ही मौत हो गई। रिंकी की मां ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला एक युवक उसे लगातार परेशान कर रहा था। बुधवार को भी आरोपी ने अपने घर की सीढ़ियों पर बैठकर रिंकी को लेकर अश्लील कमेंट किए।



## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर पलटी बस, एक यात्री की मौत, 50 घायल

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव के पास आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पगुरुवार की सुबह एक बस पुलिया से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 50 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि दिल्ली के आनंद विहार से गोरखपुर जा रही डबल डेकर बस में लगभग 80 यात्री थे। गुरुवार सुबह लगभग 8 बजे लखनऊ आगरा-एक्सप्रेस वे पर बेहटा मुजावर इलाके के जोगिकोट गांव के सामने बस का चालक आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में पुलिया से टकरा गया और बस पलट गई। इस हादसे में गोरखपुर के किकरहिया गांव निवासी जोगी की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं लगभग 50 यात्री घायल हो गए। चीख-पुकार के बीच यूपीडा कर्मियों व पुलिस की टीम ने घायलों को मशक्कत के बाद बस से निकाला फिर बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

# परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड लिंक होना अनिवार्य : एसडीएम

**दबोह( अर्पित गुप्ता)।** नगर परिषद दबोह में शासन की मंशानुरूप मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत अन्न उत्सव कार्यक्रम पूरी गरिमा के

### नप दबोह में अन्न उत्सव के दौरान वितरण की गई पात्रता पर्ची एवम अनाज

साथ मनाया गया।अन्न उत्सव कार्यक्रम के दौरान एसडीएम लहार आर ए प्रजापति मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे।कार्यक्रम के शुभारम्भ में मुख्यातिथि द्वारा महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया।कार्यक्रम का संचालन मुख्य नगर परिषद अधिकारी एन.आर खेंगर ने किया।कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियो को मध्यप्रदेश शासन के मुखिया शिबराज सिंह जी के उदभोदन का सीधा लाईव प्रसारण हितग्राहियो को टीवी के माध्यम से नप कार्यालय में दिखाया गया।कार्यक्रम में प्रत्येक बार्ड से एक एक हितग्राहियो को बुलाया गया था जिन्हें एसडीएम महोदय की उपस्तिथि में जनप्रतिनिधियो द्वारा पात्रता पर्ची प्रदान की गई।कार्यक्रम में उपस्थित एसडीएम ए आर प्रजापति ने कहा कि लोगो को अब दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नही है जिनके बीपीएल राशन कार्ड जारी किए गए थे मगर उन्हें खाद्यान नही दिया जा रहा था अब राज्य शासन द्वारा बीपीएल कार्ड के अलावा 25 अन्य श्रेणी बाले हितग्राहियो को प्रत्येक माह खाद्यान



मिलेगा जिसकी सूची नगर निकाय को उपलब्ध करा दी गई है।उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को परिवार के सभी लोगो के आधार कार्ड लिंक कराना अनिवार्य है अन्यथा की स्तिथि में राशन मिलने में समस्या आएगी।उन्होंने कहा कि आज अन्न उत्सव कार्यक्रम के दौरान केवल 15 हितग्राहियो को पात्रता पर्ची मिली है शेष हितग्राहियो को पात्रता पर्ची नगर परिषद उपलब्ध कराएगी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुविभागीय अधिकारी एआर प्रजापति,मुख्य नगर परिषद अधिकारी एनआर खेंगर,खाद्य विभाग अधिकारी अष्ठाना,उपयंत्री राजीव राय, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रूपनारायण खटीक, पूर्व उपाध्यक्ष रफीक खान,पूर्व उपाध्यक्ष अंजनी कुरचानियां, पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता,जसमन्त दोहरे, शेरे पठान,बबली खान, पत्रकार कुंजबिहारी कौरव अर्पित गुप्ता के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।



## मेरठ : मासूम बच्ची को जहर देकर होटल मैनेजर ने पत्नी संग जान दी

**मेरठ।** मेरठ के एक होटल मैनेजर ने पत्नी संग खुदकुशी कर ली। 5 साल की बच्ची को भी जहर देकर मारने का प्रयास किया गया। घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। भैंसाली बस डिपो के पास एवरेस्ट गेस्ट हाउस में अरविंद (40 वर्षीय) मैनेजर है। अरविंद पत्नी और बच्ची के साथ पिछले 10 दिन से होटल के एक कमरे में रह रहा था। गुरुवार सुबह होटल मालिक की सूचना पर सदर बाजार थाना पुलिस गई और कमरे का गेट खोला तो अरविंद की लाश फांसी पर लटकी हुई थी, जबकि उसकी पत्नी बेड पर पड़ी थी। उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि पत्नी ने जहर खाया है, जबकि अरविंद ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। बेड पर ही अरविंद की 5 साल की बेटी भी बेसुध पड़ी हुई थी। उसके मुंह से भी झाग निकल रहे थे। पुलिस ने तत्काल उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कैंट एएसपी डॉक्टर ईरज राजा ने बताया कि पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर है। अभी कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। अरविंद के बारे में और ज्यादा जानकारियां की जा रही हैं। इससे पहले वह शहर के दूसरे होटलों में भी मैनेजर रह चुका है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# यूपी पंचायत चुनाव 2020 : सोशल डिस्टेसिंग को ध्यान में रख कर बनेंगे नए वोटर

**रामपुर।** कोरोना के खौफ के बीच पंचायत चुनाव के लिए कवायद शुरू कर दी गई है। एक अक्तूबर से सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण का काम शुरू होगा।पंचायत चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का काम जारी कर दिया गया है। इस आदेश के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी आन्जनेय कुमार सिंह ने पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूचियों के संशोधन का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।




कोरोना के खौफ के बीच कोरोना से बचाव करते हुए एक अक्तूबर से मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। एक अक्तूबर से शुरू होकर मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम 12 नंवबर तक चलेगा। इस दौरान लोग अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सक ते हैं। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए ऑन लाइन आवेदन भी किया जा सकता है। इसके लिए भी 12 नंबबर तक का समय दिया गया है। मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 29 दिसंबर को किया जाएगा।

**कंटेंटमेंट खत्म होने के बाद होगा पुनरीक्षण**-यदि कोई क्षेत्र कंटेंटमेंट एरिया घोषित है तो वहां उस दौरान पुनरीक्षण के लिए बीएलओ नहीं जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक कंटेंटमेंट एरिया की सीमा खत्म होने के बाद ही पुनरीक्षण का काम होगा। इसके लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

**कोरोना होने की सूचना तुंरत देनी होगी**- यदि किसी बीएलओ को कोरोना हो जाता है और वह काम पर नहीं आता है तो उसकी सूचना तुंरत प्रशासन को देनी होगी। इसके बाद इसके स्थान पर दूसरे बीएओ की तैनाती की जाएगी।

### यह जारी की गई गाइड लाइन

-बीएलओ को मोबाइल में डाउनलोड करना होगा आरोग्य सेतु ऐप

-पुनरीक्षण को जाने वाले कर्मियों को लगाना होगा मास्क

-सेनेटाइजर का भी करना होगा इस्तेमाल

-कागजातों पर हस्ताक्षर करते व कराने के बाद कागजों को सेनेटाइज करना होगा।

-प्रत्येक घर जाकर एक व्यक्ति से ही परिवार के सदस्य के नाम पूछने होंगे।

-सामूहिक रूप से भीड़ एकत्र न करके सूचियों में नाम संशोधन नहीं होगा।

## पीएम के जन्मदिन पर सपा कार्यकर्ताओं ने भीख मांगकर रोजगार की मांग की



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज जन्मदिन है। 17 सितंबर 1950 में जन्मे पीएम मोदी आज 70 वर्ष के हो गए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पूरे देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किया। वहीं, विपक्षी दलों और उनके कार्यकर्ताओं आज राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस मना रहे हैं। लाखों में संख्या में युवा सरकार से रोजगार की मांग करते हुए ट्विटर पर अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं। इसी बीच वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर सपा कार्यकर्ताओं ने भीख मांगकर रोजगार की मांग की। पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने अदनंग होकर हाथों में कटोरा लेकर हरिश्चंद्र घाट के रोड़ू पर घूम-घूम कर भीख मांगा। इसके साथ हीसभी ने गले में तख्तियां लटकाए हुए थी जिन पर लिखा हुआ था 17 सितंबर राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस, साहब युवा मांगे रोजगार, आई एम मिस्टर बेरोजगार। उन्होंने सरकार से मांग की आज के दिन को राष्ट्रीय वेरोजगार दिवस घोषित कर दिया जाए।

समाजवादी पार्टी कैंट विधानसभा अध्यक्ष विवेक यादव ने कहा देश की गिरती अर्थव्यवस्था बढ़ती और बेरोजगारी, सरकारी संस्थाओं का निजी करण व नौजवानों की बीच नौकरी की कमी इन सभी मुद्दों पर मोदी सरकार फेल दिखती है। यह सिर्फ और सिर्फ सरकार की दिशाहीन नीतियों जैसे कि रातों-रात नोटबंदी कर देना, बिना किसी नीति के जीएसटी लागू करने का नतीजा है। जिसका भुगतान आज सारे देश की जनता कर रही है।

**बेरोजगारी पर राहुल गांधी ने भी किया ट्विट**-लाखों में संख्या में युवा सरकार से रोजगार की मांग करते हुए ट्विटर पर अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं। इसी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी ट्वीट करते हुए कहा कि आखिर यह सरकार रोजगार का सम्मान कब तक देगी? उन्होंने लिखा कि यही कारण है कि देश का युवा आज राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस मनाने पर मजबूर है। रोज़गार सम्मान है। सरकार कब तक ये सम्मान देने से पीछे हटेगी? देश में नौकरी मांगने वालों की संख्या करोड़ों में है जबकि सिर्फ 1.77 लाख नौकरियां ही उपलब्ध हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है नौकरी मांगने में सबसे ज्यादा बंगाल (23.61 लाख), उत्तर प्रदेश (14.62 लाख), बिहार (12.32 लाख), दिल्ली (90 हजार) के लोग हैं।

### बरेली में हिंदू युवा वाहिनी नेता की चाकू से गोदकर हत्या, पांच हिरासत में

**बरेली।** बरेली जिले में बुधवार रात हॉस्पिटल मालिक और हिंदू युवा वाहिनी नेता की चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई। सुबह हॉस्पिटल स्टाफ ने हत्या की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीमें के साथ ही एसएसपी, एसपी देहात, सीओ भी मौके पर पहुंचे गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या के मामले में पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हिंदू युवा वाहिनी नेता संजय सिंह मीरगंज के आनंदपुर गांव के रहने वाले थे। संजय सिंह शाही क्षेत्र के दुनका पुलिस चौकी के पास हॉस्पिटल संचालित कर रहे थे। बुधवार रात वह हॉस्पिटल कैंपस में ही थे। रात में उनकी हत्या कर दी गई।

# डीएसपी में राजभाषा पखवाड़े का आयोजन

ब्यूरो चीफ अमन राय

प्रत्येक वर्ष की भांति, इस वर्ष भी दुर्गापुर स्टील प्लांट द्वारा दिनांक 14 सितम्बर से लेकर दिनांक 28 सितम्बर तक राजभाषा पखवाड़ा -2020 समोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ दिनांक 14 सितम्बर को श्री एवी कमलाकर, सीईओ, आईएसपी सह अतिरित पदभार लिए सीईओ, डीएसपी एवं एएसपी की अध्यक्षता में आयोजित वेबिनार अर्थात ऑनलाइन विडियो कॉन्फ्रेन्सिंग की माध्यम से किया गया। वेबिनार में उपस्थित सभी कार्यपालक निदेशक गणों एवं मुख्य महाप्रबंधकों के अलावा अन्य गणमान्यों में विभिन्न विभागों के हिन्दी समन्वयकर्ताओं भी उपस्थित थे। वेबिनार के दौरान अपने सम्बोधन में श्री कमलाकर ने संपर्क भाषा और अन्य बोलचाल की भाषा के रूप में हिन्दी की सहजता और सरलता का उल्लेख किया। उन्होने सभी कर्मियों से अनुरोध किया कि राजभाषा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझे और कार्यालयीन कार्य में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने पर बल दिया। विदित हो कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण




को ध्यान में रखते हुए इस बार विभागीय प्रतियोगिताओं का आयोजन स्थगित रखा गया है। परिस्थितियों के मद्देनजर केंद्रीय स्तर पर क्रमशः निबंध लेखन प्रतियोगिता 15.09.2020 को, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 19.09.2020 को, सुलेख प्रतियोगिता 23.09.2020 को, बंगला काव्य आवृत्ति प्रतियोगिता 24.09.2020 को एवं श्रुति लेखन प्रतियोगिता 25.09.20 को लेकर इस बार सिर्फ पाँच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। पखवाड़ा के समापन सत्र का आयोजन 28 सितंबर को किया जाएगा एवं इसमें अन्य कार्यक्रमों के साथ पुरस्कार वितरण समारोह भी शामिल रहेगा। पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु कर्मिकों का उत्साह देखते ही बन रहा है। सम्पूर्ण वेबिनार कार्यक्रम का संचालन श्री कमलेंदु मिश्रा, राजभाषा अधिकारी, डीएसपी एवं दुर्गापुर नराकास के सदस्य सचिव द्वारा किया गया. श्री एवी कमलाकर, सीईओ, आईएसपी सह अतिरित पदभार लिए सीईओ, डीएसपी एवं एएसपी की अध्यक्षता में दुर्गापुर स्टील प्लान्ट द्वारा आयोजित राजभाषा पखवाड़ा दुर्गापुर का उद्घाटन किया गया.



### नरेंद्र मोदीजी के 70वें जन्मदिन पर 70किलो का केक काटकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**तमिलनाडु।** नरेंद्र मोदीजी के 70 वें जन्मदिन को चिह्नित करने के लिए कृष्णा गिरी राउंड सर्कल के पास 70 किलो का केक काटने का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। राज्य के प्रवक्ता और नेशनल जनरल कमेटी के सदस्य सी, नरसिम्हन पूर्व सांसद ने केक काटा और प्रतिभागियों को वितरित किया। अध्यक्ष वेलवन युवा सचिव प्रकाश पवार और जिला प्रशासकों, संघ प्रशासकों, शहर प्रशासकों और भगवा मूल निवासियों ने भाग लिया और इस अवसर को प्राप्त किया।

# वाराणसी का पहला डिजिटल गांव, यहां के बाशिंदों के लिए एक क्लिक पर उपलब्ध हैं डॉक्टर

**वाराणसी।** वाराणसी के पहले डिजिटल गांव गौरा के बाशिंदों के लिए एक क्लिक पर डॉक्टर उपलब्ध हैं। 2500 निवासियों के इस गांव के डिजिटल सेंटर पर टेली-कंसल्टेशन सुविधा गांववालों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्हें अपने इस छोटे से गांव की सीमा से बाहर गए बगैर गैर-आपातकालीन बीमारियों में बड़ी राहत मिल जा रही है। गौरा गांव की निवासिनी 50 वर्षीय माला देवी मौर्या जनवरी से जून तक बड़ी चिंता से जूझ रही थीं। उन्हें जुलाई में तब राहत मिली जब उन्होंने गांव के डिजिटल सेंटर पर जाकर टेली-कंसल्टेशन के जरिए विशेषज्ञ की सलाह ली। माला देवी को ऐसा करने के लिए डिजिटल सेंटर के प्रमुख संजय मौर्य ने प्रेरित किया था। माला को उनके शुरुआती संकोच से उबरने में मदद करने के साथ ही संजय मौर्य ने डिजिटल विलेज वेबसाइट पर लॉगिन किया और उन्हें सलाह देने के लिए एक ऑनलाइन फिजिशियन को चुना। माला ने डॉक?टर को बताया, मैं जनवरी से चिंता और घबड़ाहट से जूझ रही हूं। मैंने पड़ोस के एक डॉक?टर से सम्?पर्क किया जिसने मुझे कुछ दवाइयां लिखीं और आराम करने की सलाह दी। मैंने पांच दिन दवाइयां लीं और आराम मिल गया। लेकिन कुछ दिन बाद ही चिंता और घबड़ाहट फिर होने लगी। डॉक्टर के मार्गदर्शन में संजय मौर्य ने माला का ब्लड प्रेशर और पल्स रेट चेक किया। इसके बाद डॉक्टर ने उन्हें कुछ दवाइयां बताईं जिन्हें नियमित रूप से लेने के चलते माला अब काफी बेहतर महसूस कर रही हैं। माला कहती हैं-पिछले दो महीने से मैं राहत में हूं। अच्छी हूं। मुझे अपने दरवाजे पर सही सलाह मिल गई। टेलीकंसल्टेशन गांववालों के लिए वरदान की तरह है क्योंकि उन्हें उनके गांव में ही विशेषज्ञों की सलाह मिल जा रही है।

डॉक्टर की प्रिसक्रिप्शन स्लिप सेंटर के डिजिटल अकाउंट में पहुंच जाती है जहां से मरीज को उसका प्रिंटआउट दे दिया जाता है। टेली कंसल्टेशन प्राथमिक उपचार का एक तरीका है। इसके जरिए गैर आपातकालीन



बीमारियों में मरीज को डिजिटली विलेज सेंटर पर डॉक्टर की सलाह मिल जाती है। डॉक्टर या मरीज को तुरंत कहीं जाना नहीं पड़ता। यह डॉक्टर को आमने-सामने मर्ज दिखाने का विकल्प नहीं है लेकिन टेली कंसल्टेशन इलाज में सहायक जरूर साबित हो रहा है। संजय मौर्य बताते हैं,पिछले दो महीने में करीब 40 लोग टेली कंसल्टेशन के जरिए डॉक्टरों की सलाह ले चुके हैं। यह डिजिटल ग्रामीण कार्यक्रम की डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत हुआ है। वह जोड़ते हैं कि टेली कंसल्टेशन के जरिए एलोपैथी के अलावा आयुर्वेद और होम्योपैथी के विशेषज्ञों की सलाह भी उपलब्ध है। सेंटर से गांववालों को निःशुल्क दवाएं भी मिल जाती हैं। यदि डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा सेंटर पर उपलब्ध न हो तो ही मरीज से उसे मेडिकल स्टोर से लेने को कहा जाता है। गांव की सुनीता मौर्या पिछले दो साल से कमर के दर्द से पीड़ित थीं। एक महीने पहले उन्होंने डिजिटल सेंटर के जरिए एक डॉक्टर से सम्पर्क किया। इस वक्त उनका इलाज चल रहा है। संजय मौर्य ने बताया कि उन्होंने गांव के सभी 593 परिवारों को टेली कंसल्टेशन और डिजिटल सेंटर पर उपलब्ध अन्य सभी सुविधाओं के बारे में बता रखा है। गांववालों को गांव के कॉमन सर्विस सेंटर के बारे में भी पूरी जानकारी है। वह बताते हैं कि यदि कोई मरीज डिजिटल सेंटर तक नहीं आ सकता तो वह मल्टी टेस्ट पोर्टेबल मशीन के साथ उसके घर जाते हैं और फिजिशियन से ऑनलाइन उनका सम्पर्क कराते हैं। यही नहीं डॉक्टर की बताई दवाएं वह लिखते हैं और स्लिप मरीज को दे देते हैं। डिजिटल सेंटर पर स्थानीय के अलावा आसपास के गांवों के लोग भी आधार कार्ड बनवाने आते हैं। अब उन्हें इन कामों के लिए वाराणसी या कहीं और नहीं जाना पड़ता। संजय मौर्य बताते हैं कि डिजिटल सेंटर उनके और आसपास के गांवों के लिए बहुत एक स्थान पर बहुत सारी समस्याओं के समाधान का केंद्र है। यह उन्हें टेलीमेडिसिन, इंटरनेट कनेक्टिविटी सहित अन्य कई सेवाएं प्रदान करता है। सेंटर स्थानीय युवाओं को कौशल विकास का एक प्लेटफार्म भी मुहैया कराता है।डॉक्टर की प्रिसक्रिप्शन स्लिप सेंटर के डिजिटल अकाउंट में पहुंच जाती है जहां से मरीज को उसका प्रिंटआउट दे दिया जाता है। टेली कंसल्टेशन प्राथमिक उपचार का एक तरीका है। इसके जरिए गैर आपातकालीन बीमारियों में मरीज को डिजिटली विलेज सेंटर पर डॉक्टर की सलाह मिल जाती है। डॉक्टर या मरीज को तुरंत कहीं जाना नहीं पड़ता। यह डॉक्टर को आमने-सामने मर्ज दिखाने का विकल्प नहीं है लेकिन टेली कंसल्टेशन इलाज में सहायक जरूर साबित हो रहा है। संजय मौर्य बताते हैं,पिछले दो महीने में करीब 40 लोग टेली कंसल्टेशन के जरिए डॉक्टरों की सलाह ले चुके हैं। यह डिजिटल ग्रामीण कार्यक्रम की डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत हुआ है।

संपादकीय

# कटौती के बाद

प्रधानमंत्री, मंत्रियों और सांसदों के वेतन में कटौती न केवल स्वागत के योग्य, बल्कि अनुकरणीय भी है। वैसे तो अप्रैल के महीने में ही वेतन कटौती कर दी गई थी और तब अध्यादेश लाकर यह काम किया गया था, लेकिन अब बाकायदे विधेयक पारित करके कटौती पर मुहर लगाई गई है। अप्रैल में यह लग रहा था कि कोरोना-काल ज्यादा नहीं टिकेगा, लेकिन अब सितंबर में भी साफ तौर पर लगने लगा है कि यह बुरा समय आगे भी चलने वाला है। ऐसे में, सांसदों द्वारा देश को यह संदेश देना जरूरी था कि देश में अगर सबकी कमाई घटी है, तो उनमें सांसद भी शामिल हैं। यह नैतिकता का तकाजा है कि खुद आगे बढ़कर सांसदों ने वेतन में कटौती की है। लोकसभा में मंगलवार को सबकी सहमति से पारित इस विधेयक से यह पता चलता है कि सांसद महामारी के समय अपने व्यक्तिगत योगदान को लेकर सजग हैं। पूरे एक वर्ष के लिए वेतन को 30 प्रतिशत घटाया गया है। सांसदों के वेतन में हुई कटौती से भले ही महज 29 करोड़ रुपये बचेंगे, लेकिन सेवा में योगदान के प्रति उनका नैतिक बल जरूर बढ़ेगा। हालांकि कोरोना के समय सांसदों के कुछ ऐसे भत्तों में भी कटौती की जा सकती थी, जिनकी जरूरत समय के साथ कम हो गई है। सांसदों का लोगों से मिलना-जुलना पहले की तुलना में कम हुआ है, ज्यादातर बैठकें भी आभासी हो गई हैं, और यह उचित भी है। ऐसे में, भत्तों पर एक बार निगाह फेरने की जरूरत थी। हां, थोड़ी चिंता क्षेत्रीय विकास के लिए मिलने वाली सांसद निधि को दो साल तक निलंबित करने को लेकर जरूर है। हरेक सांसद को हर साल पांच करोड़ रुपये सांसद निधि के रूप में मिलते हैं, ताकि वह अपने क्षेत्र के विकास में जरूरत के हिसाब से खर्च कर या करा सकें। अनेक विपक्षी नेताओं ने सांसद निधि के निलंबन को गैर-जरूरी बताया है। महामारी के समय में सांसदों की जिम्मेदारी कतई कम नहीं हुई है, लोग उनसे पहले की तरह ही उम्मीद करेंगे, बल्कि महामारी के समय तो लोगों की उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। ऐसे समय में, सांसद निधि की पूरी न सही, आंशिक बहाली के पक्ष में मजबूत तर्क दिए जा सकते हैं। सांसद निधि खर्च न होने से होने वाली बचत को अगर वेतन में 30 प्रतिशत कटौती से होने वाली बचत के साथ मिला दिया जाए, तो अनुमान है कि सरकार के पास 7,930 करोड़ रुपये बचेंगे। इस धनराशि को कोरोना के खिलाफ लड़ाई में खर्च करने का सरकार का इरादा है और इसे कतई गलत नहीं कहा जा सकता। वेतन-भत्ते कटौती के लिए आगे आने वालों में राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति और राज्यपाल भी शामिल हैं। देश के सभी राज्यों को ऐसी ही कटौती की दिशा में कदम उठाना चाहिए। सरकार सही कह रही है कि सेवा घर से शुरू होती है और इसे हर स्तर पर लागू करके देश के सामने आदर्श पेश करना सांसदों की जिम्मेदारी है। वेतन में कटौती के साथ ही सरकार को अपने उन खर्चों को भी प्राथमिकता के साथ कम करना चाहिए, जिनके बिना काम चल सकता है। फिजूलखर्ची रोकने के साथ ही यह भी बहुत जरूरी है कि कोरोना के नाम पर एकत्र हो रहा धन सिर्फ जरूरतमंदों के हाथों तक पहुंचे।

## अनुशासन ही जीवन की पहली सीढी है

स्वयं पर स्वयं का शासन
कहलाता है अनुशासन।
यह कोई पराधीनता नहीं
ना ही है कोई बंधन
यह है नियमों का
अनुसरण
बनता है जिससे आदर्श
जीवन।
अनुशासन चेतना का
परिष्करण है
अनुशासन सिद्धांतों का
अनुकरण है
अनुशासन
सुसंस्कार है
सफल जीवन
का यही आधार
है।
अच्छे विद्यालय
ही
अनुशासन के
निर्माता है
सुसंस्कृत परिवार में ही
बालक
अनुशासन पाता है।
अनुशासित विद्यार्थी
बढ़ाते हैं देश का मान
जो दिखाते हैं
अनुशासनहीनता
नहीं पाते कहीं भी
सम्मान।
समाज में बढती
अव्यवस्था
अनुशासनहीनता का
परिणाम है
नियमों को जो करते हैं
दरकिनार
बुद्धिमान नहीं वे नादान है।
अनुशासन राष्ट्र हित में
जरुरी है
ना सोचो कि यह कोई
मजबूरी है
कर्तव्यों का पालन हमारी
जिम्मेदारी है
अनुशासित रहना ही
सच्ची समझदारी है।
अनुशासन सफलता की
धुरी है
प्रशासन, स्कूल, समाज
और परिवार
सबकी सफलता के लिए
अनुशासन जरुरी है।
अनुशासन परिवार,



समाज और राष्ट्र की
आवश्यकता है
बिना अनुशासन कोई भी
आगे नहीं बढ़ सकता है
अनुशासन से ही
समस्यायों का समाधान है
अनुशासन में ही
विकसित होता ज्ञान है।
अनुशासन जीवन का
प्राण है
सफलता के लिए
अनुशासन रामबाण है
अनुशासन पशुता से
ऊपर उठाता है
अनुशासन ही मानव को
मानव बनाता है।

**आकाशवाणी वरिष्ठ श्रोता छैलाराम मेघवाल**
**मेलाणा जोधपुर**

# मीडिया के घटाटोप में हमारा विवेक

भारतीय गांवों में एक कहावत कही-सुनी जाती है, 'जैसा हम देखते हैं, वैसा ही हो जाते हैं।' अर्थात कहने-सुनने से ज्यादा 'देखने' का हम पर असर होता है। संगत, पंगत और दूसरों की देखा-देखी हमारा व्यवहार बनता-बिगड़ता है। 'आंखन देखी' वैसे भी हमारी सामाजिक संस्कृति में सदा से महत्वपूर्ण है। आज हम जिस 'मीडिया परिदृश्य' में जी रहे हैं, वहां देखने-सुनने से ही हमारा मन बनता है। आज भारत के शहरी क्षेत्रों में तो घर-घर टेलीविजन मौजूद है, ग्रामीण इलाकों में भी लगभग 50 प्रतिशत घरों में टेलीविजन पहुंच गया है। याद कीजिए, पहले जहां एकमात्र 'दूरदर्शन' इन टेलीविजन सेट्स से होकर हमारे घरों में पहुंचता था, वहीं अब निजी टीवी चैनल का संजाल हमारे घरों में फैल गया है। भारत में लगभग 350 से ज्यादा टीवी चैनल इस समय देखे और दिखाए जा रहे हैं, साथ ही, 100 से ज्यादा आने के इंतजार में हैं। इनमें अनेक 24 घंटे चलने वाले न्यूज चैनल हैं, जिनके माध्यम सें हम 'ब्रेकिंग न्यूज सिंड्रोम' के आगोश में आ गए हैं। न्यूज चैनल के नैतिक पक्ष को अगर देखें, तो ये हमें खबरों, सूचनाओं और जन-संवादों से लैस करके एक सजग व गतिमान नागरिक बनाने के माध्यम के रूप में जाने जाते हैं। ये समाज में घटनाओं को तत्काल दिखाने और उनकी व्याख्या करके राज सत्ता, समाज सत्ता व जन, तीनों को एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाने के लिए बने हैं। सिद्धांततः अपनी खबरों के प्रति वे लोगों में विश्वास पैदा करते हैं। कई बार तो यह भी देखने में आता है कि हम टेलीविजन की खबरों के प्रति अविश्वास करते-करते भी विश्वास करने लगते हैं। लोकप्रिय लहजे में अगर कहें, तो नहीं-नहीं करके भी हम हां कर बैठते हैं। घटनाएं तो सच ही होती हैं, किंतु जब वे टीवी चैनल की खबरों में बदलती हैं, तो उतनी निर्दोष या सहज नहीं रह जातीं। सरकारी टेलीविजन की खबरें हों, तो उनमें राज सत्ता की छवि दिखती है। निजी चैनल हों, तो बाजार और पूंजी की वाणी खबरों की पृष्ठभूमि में चलती रहती है। आग्रह, पूर्वाग्रह, रोमांच, उत्तेजना, हिंसक बर्ताव, ड्रामा, ऐक्शन आदि खबरों का हिस्सा बनकर हमारे व्यवहार, बर्ताव, मन और सोच की दुनिया में सक्रिय हो जाते हैं। टेलीविजन के परदे पर जहां तर्क-तथ्य की व्याख्या से पूर्ण बहस होनी चाहिए, वहां हिंसा, रोमांच, ड्रामा और एक्शन से भरे विवाद का स्तर इतना बढ़ जाता है कि कई बार लाइव डिबेट में भाग लेने वालों की जान तक चली जाती है। दर्शक और समाज इन ड्रामा से भरे विमर्शों पर अनेक बार विश्वास करने लगता है। विश्वास करने वाले और विश्वास पैदा करने वाले के बीच शक्ति और पूंजी का एक अदृश्य व रहस्यमय संसार सक्रिय रहता है। न्यूज चैनलों के ही साथ है सोशल मीडिया, जिसे पहले विकल्प के रूप में देखा गया था, पर आज दोनों एक-दूसरे की जकड़न में हैं। न्यूज चैनल केसाथ सोशल मीडिया की जुगलबंदी चलती रहती है। कई बार सोशल मीडिया न्यूज चैनल की खबरों को और कई बार चैनल की खबरें सोशल मीडिया को रचती हैं, बल्कि कई बार वे एक-दूसरे के समाचार को चीर-फाड़कर अपने 'ट्रस्ट बेनिफिट' को भी बढ़ाते हैं। यह सब बाजार के खेल का हिस्सा होता है। डर यह है कि एक दिन टीवी खबरों पर जनता का अविश्वास हद से ज्यादा न बढ़ जाए। न्यूज चैनल कई बार जनता की रुचि को रचते हैं, फिर कहते हैं कि समाज ऐसी ही खबरों में दिलचस्पी रखता है, इसलिए हम इन्हें दिखाते हैं। न्यूज चैनलों की दुनिया में मृत्यु, आत्महत्या, प्रतिरोध सब एक भाव से खबर के बाजार में बेचे जाते हैं। कई समाज विज्ञानी अध्ययनों से जाहिर होता है कि लोगों के मन में टीवी चैनलों की खबरों की तुलना में अखबारों की खबरों पर ज्यादा विश्वास होता है, लेकिन न्यूज चैनलों द्वारा दिखाई गई खबरें पढ़ी गई खबरों से ज्यादा प्रभावी ढंग से मन-मस्तिष्क में बैठती हैं। कहते हैं कि भारतीय लोकतंत्र में 1990 के दशक में एक जागरूक व आलोचनात्मक चेतना से लैस जो 'नागरिक समाज' बना था, उस नागरिक समाज की धार लगभग खत्म हो गई है। इसकी धार को खत्म करने में एक तो राज सत्ता की भूमिका रही, और दूसरी 24 घंटे दिखाए जा रहे न्यूज चैनलों की। नागरिक के रूप में हमारी सोच शायद रहस्य, रोमांच व ड्रामा से भरी खबरों में कहीं तिरोहित हो गई है। यह भी ठीक है कि उच्च वर्ग व मध्य वर्ग की तुलना में समाज के निम्न वर्ग और दूरस्थ के सामाजिक समूहों पर टीवी खबरों के संजाल का असर कम है। कई बार समाज में बेहतर काम करने वालों की 'सक्सेस स्टोरी' न्यूज चैनलों के जरिए प्रसारित हो कई के लिए सामाजिक प्रेरणा का काम करती है। वैसे अधिकांश न्यूज चैनलों में सामाजिक खबरों के लिए जगह बहुत कम बची है। राष्ट्रीय न्यूज चैनलों की दुनिया राजनीतिक दलों के लिए धारणा निर्माण में भी कहीं न कहीं भूमिका निभाती है। ये चैनल भारतीय जनता की सियासी तरजीह या चाहत तय करने के लिए माहौल बनाते हैं। यह ठीक है कि चैनलों द्वारा बनाई गई धारणा मतदान केंद्रों पर पूरी तरह से वोटों में नहीं बदल पाती, लेकिन चार-पांच प्रतिशत भारतीय मतदाता, जिनका पक्ष पहले से बहुत निश्चित नहीं होता, और जिन्हें 'शिफ्टिंग वोट' भी कहते हैं, उनकी चुनावी पक्षधरता निर्मित करने में न्यूज चैनलों की एक भूमिका होने लगी है।

## प्रतीक्षा है विकास के आगमन की



षष्ठम वर्ष व्यतीत हो गया,
अब तक हुआ न आना,
आंखें तरस रहीं, दर्शन को,
लोग दे रहे ताना!
बड़ी उम्मीद लगा रखी थी
जब विकास आ जाएगा,
निर्धनता से मुक्ति मिलेगी,
जीवन ही संवर जाएगा!
ताल ठोंककर कहने वाले,
गुमसुम से क्यों रहते हैं!
होगा, होगा, धीर धरो भी,
ऐसा ही कुछ कहते हैं!
पहले तो हम खुश रहते थे,
थोड़ी सी ही कमाई से
पर जब से हो आप महोदय,
त्रस्त हुए महंगाई से!
अब तो यूं लगता है हमको,
अब विकास नहीं आएगा,
हम अभ्यस्त हो गए हैं वैसे,
जीवन तो कट जाएगा, !

**पद्म मुख पंडा**
**ग्राम महा पल्ली**
**जिला रायगढ़ छ ग**

## उत्सव



ये तो मन का
एक भाव या
धारणा है की
उत्सव तभी
होता है जब
होली, दिवाली
ईद, बैसाखी
नवरात्रि, दुर्गा पूजा
या कोई भी अन्य त्योहार हो
जब आप का कोई
अपना बहुत दिनों बाद मिले
साथ समय बीते वो भी
तो उत्सव ही है
परिवार जन साथ बैठें
हँसी ठिठोली हो
साथ समय बिताएं
खाएं पियें आनंदित हों
वो भी तो उत्सव है
जन्मदिन हो दोस्तों की
शुभकामनाएं मिलें फोन आये
वो भी उत्सव है
सालगिरह हो पति द्वारा
छोटा सा सरप्राइज भी
उत्सव है
इस तरह हर छोटी खुशी
में बड़ी खुशी पा लेना
उत्सव ही तो है।।

**मीनाक्षी सुकुमारन**
**नोएडा**

## सलवटें



चादर पर पड़ी सलवटों को,
जब चाहे झाड़कर मिटा देते हैं हम
पर उसपर पड़े निशान ठीक वैसे
ही हैं
जैसे हृदय पर नासूर से वह घाव
जो समय के साथ और गहराते
चले जाते हैं।
न जाने कितनी सिलवटें उभरी हुई
हैं जीवन में
जिन्हें मिटाने की भरसक कोशिश
करते हैं हम,
मिट तो जाती हैं पर निशान ताउम्र
छोड़ जाती हैं
जिनकी गिरह चाहकर भी सुलझ
पाती हैं कभी।

**रश्मि वत्स**
**मेरठ (उत्तर प्रदेश)**

## कविता



आज रोज चलती है
सीने पर गोली
सिर पर लाठी
पीठ पर खंजर,
जबकि
कभी जने थे
विवेकानंद और बापू
इस धरा पर।
000
जलती हैं युवतियाँ
दहेज की बलिवेदी पर
शील की चोरी होती है
सच्ची जीवन-आली की,
फिर
मुझे समझ नहीं आता
क्यों पूजा होती है
दुर्गा और काली की।
000
सच्चाई
असहाय-सी
खोने लगी है
बेइमानी के अंधेरे में,
श्रम भी
मुँह लटकाए
सर झुकाए खड़ा है
भ्रष्टाचार के घेरे में।
000
देश को आज
खड़ा कर दिया है
पतन के कगार पर
दूषित राजनीतिक प्रणाली ने,
जैसे कि छीन लिया है
हिंदचमन की महक को
फूल, भौंरे, बहार
और स्वयं माली ने।

**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
**घोटिया-बालोद (छ.ग.)**

## शिल्प के आदिदेव विश्वकर्मा भगवान



आदि सृजन के आदिदेव,
विश्वकर्मा भगवान हैं,
वास्तु शास्त्र साधन युक्ति, औजार
सृजक प्रधान है।
देवताओं के आचार्य, शिल्पशास्त्र
के सर्जक हैं,
सृजनात्मकता अभियांत्रिकी के,
प्रमुख देव संरक्षक हैं।
शिल्प संकाय कल कारखाने, सभी देव आराधक हैं,
सुख समृद्धि और विकास की, पूजा करते साधक हैं।
स्वर्ग नरक और इंद्रलोक, कृति विश्वकर्मा भगवान की,
विश्व प्रसिद्ध द्वारका थी, रचना श्री भगवान की।
शिव शंभू के भवन की रचना, कैलाश पर आन बनाई,
द्वापर युग में इंद्रप्रस्थ रचा, शोभा बरनि न जाई।
अभियांत्रिकी के देव आप हैं, महिमा कही न जाई।।

**सेतराम साहू सेतु मार्तण्ड**
**कौहाकुड़ा पिथौरा छत्तीसगढ़**

बिना रुके और बिना थके, सपनो को साकार किया,
आलोचनाओं, मुश्किलों को,हंस कर तूने स्वीकार किया।
हर चेहरे को दी मुस्कान,
नरेंद्र मोदी मेरा अभिमान।
दिशाहीन हो रहे देश को, सक्षमता का दिया आकार,
बुलिट ट्रेन की रफ्तार में, सरपट दौड़ी तेरी सरकार!
सेना की बढ़ायी शान,
नरेंद्र मोदी मेरा अभिमान।
सबके हित को दिल में रखा,महिलाएँ बच्चे और किसान,
घर-मन को साफ़ कर दिया,चला के स्वच्छता अभियान।
देश का बढ़ा दिया सम्मान,
नरेंद्र मोदी मेरा अभिमान!
डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया से,बनी नयी पहचान,
विकास की मशाल लिए,किया भारत का नव निर्माण!
हिंद की वापस लायी शान,
नरेंद्र मोदी मेरा अभिमान।

**ममता सिंह वरिष्ठ कवयित्री**
**नोयडा उत्तर प्रदेश**

## फिर शून्य से चलते हैं

अपने सारे प्रयासों,
अपनी सारी मेहनत
का,
चलो फिर आंकलन
करते हैं,
फिर शून्य से चलते
हैं।
जहां न बड़ा मुकाम
हो,
जहां न बड़ा नाम हो,
बस विश्वास हो कुछ
बनने का,
हौसला हो कहीं पहुंचने
का,
चलो फिर से खुद को
टटोलते है,
फिर शून्य से चलते हैं।
खोजते हैं, कुछ पुराने
चेहरों को,
जो तब साथ थे,जब
कोई नहीं था।
मुलाकात करते हैं,
खुद से,और खुद के
किरदार से,
धीरे- धीरे गिरकर,
संभलना सीखते हैं।
चलो शून्य से चलते हैं।



## न असत्य लिखती

न झूठ की राह दिखाती,
न सत्य पर वार करती,
मेरी कलम है ये,
न बिकती,
न असत्य लिखती।
बड़ी सीधी सी,सरल है,
पर मूर्ख नहीं है ये,
क्या हो रहा है,
क्या होना चाहिए,
इसमें केवल निष्पक्ष
विचारों की,
सूरत दिखती,
न बिकती,
न असत्य लिखती।

**अंकिता जैन अवनी**
**अशोकनगर मप्र,**

## गम की बस्ती



मेरी आखों की पुतलियाँ खुशीयाँ पाने से डरती है, गम की बस्ती बसाए अश्कों के समुन्दर में रहती है। दर्द सहते उम्र बीती डरूँ हंसी से तो अपराध क्या मेरा, खुशियों की चद्दर छोटी मेरी वेदना का बड़ा वितान है। सिरा एक खिंचूँ सामने के सारे फट जाते है, कौनसी शै में खुद को छुपाकर रख लूँ सबको मुझे भूल जाने की आदत है। दर्द के रंगों से रंगी है ज़िंदगी मुझे इन्द्रधनुष की आदत नहीं, अजन्ता की मूरत सी अदाएँ नहीं मुझमें भावों के प्रदर्शन के अभाव की मारी। स्पंदन का पहरन कोई दे तो उतार दूँ दर्द का फटा चोला, रोज़ रोज़ सिलने की जफ़ा से निजात पा लूँ। शिकस्त की आदत में शामिल नहीं जीत का परचम कोई, हर बार मैं अपनों के आगे नतमस्तक सी हारती ही रही। चखा नहीं दिल ने अपनेपन का स्वाद कभी, मिले कहीं से चुटकी भर तो लज़्ज़त मैं भी ले लूँ खुशीयों की थोड़ी।

**(भावना ठाकर, बेंगुलूरु)**

भारत के 15 वें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी को समर्पित

## कविता

मोदी है तो मुमकिन है
मोदी है तो मुमकिन है,
सब अपना हो सकता है
सपनों में जो दिखता था,
कल अपना हो सकता है
ठेले पर बेची हो चाय,
कल वो राजा बन सकता है।
मोदी है तो मुमकिन है,
सब अपना हो सकता है
एक गरीब दूजे गरीब का,
दर्द समझ वो सकता है।
घर छोड़ा खोज में अपनी,
दर्द वही सह सकता है।
स्वयंसेवी धर्म का रक्षक,
निष्पक्ष सदा ही रहता है।
भले सवालों का घेरा हो,
सच उत्तर ही रहता है।
निष्पक्ष भाव सेवक भूमि का,
श्रेय सदा ही जाता है।
कुछ कठोर है शासन में,
श्रेय सदा ही जाता है।
संसद की भूमि को जो मन,
मंदिर में वो सजाता है।
वह शासक है भारत भूमि का,
निज गौरव हमें बताता है।



संस्कृतियों की माटी निजी भूमि में,
जीत हमें दिखलाता है।
शासक है वह भारत का,
निज गौरव हमें बताता है।
निराशा में आशा का,
दीपक वो हमें दिखाता है।
कर्म-धर्म का श्रेया सदा ही,
नित सेवा भूमि को जाता है।
मातृ वंदना ,बेटी की रक्षा,
ज्योति ग्राम ग्राम पहुंचाता।
भारत मां के सेवक को,
संसद का दरबार बुलाता।
लोकमान्य के वोटों से,
सम्मान सदा नित पाता है।
शक्तिशाली है विश्व गुरु,
काम सदा निभाता।
भारत भूमि के स्वर्णिम भू,
पर इतिहास नया दोहराता।
कल देखा जो था सपना,
वह सपना सच हो जाता है।
मोदी है तो मुमकिन है,
सब अपना हो जाता है।
कल जो देखा था सपना,
वह सपना सच हो जाता है।

**कवि कुमार -प्रिंस रस्तोगी**
**पता- वजीर बाग**
**सहादतगंज लखनऊ पिन कोड 226003.**
**व्हाट्सएप नंबर - +91-9519262712**

## कलंक पिया के संग



चंद्र को कलंक लग्यो
गुरु पतनी संग,
इंद्र को लग्यो है दाग
अहिल्या के संग।
एक पत्नी वर्त
भूले हैं रामचंद्र,
श्याम के कलंक लग्यो
राधिका के दंग से।
अर्जुन को अलोपी वो
भीम को हीड़म्वा संग,
दाग लग्यो दुष्यंत
शकुंतला के अंग से।।
यूं तो दुनिया में सब
दोषी है ईश्वर बिना,
कोउ है प्रसिद्ध कोउ
छुपे हुए हैं रंग से।।

**मनोज शाह मानस**
**सुदर्शन पार्क मोती नगर**
**नई दिल्ली**

## हिंदी है राष्ट्रीय गीत और गान का सम्मान (कविता)

हिंदी है राष्ट्रीय गीत और गान का सम्मान,
इन भाषा का प्रयोग करते हैं सदा इंसान।
हम सभी देशवासियों की हिंदी जान है,
इन भाषा की रक्षा करने में सब कुर्बान है।
हर देश और राज्य में सब बोलते हैं हिन्दी,
हर जगह और घर में सब लिखते हैं हिन्दी
राष्ट्रीय पर्व में सब लगाते हैं हिंदी में नारा,
हिंदी भाषा जन - जन को लगते हैं न्यारा।
सोने वक़्त शुभरात्रि सब बोलते हैं हिंदी में,
जगने वक़्त सुप्रभात सब बोलते हैं हिंदी में।
गीत,कविता, शायरी से पहचान है हिंदी में,
मेरे देशवासियों और हमें गुमान है हिंदी में।
भारतवर्ष में संस्कृति की पहचान है हिंदी,
भारतवर्ष में राष्ट्र की जान - मान है हिंदी।
हिंदी हिंदी हिंदी सब काम करते हैं हिंदी,
पढ़ाई-लिखाई में विषय सब रखते हैं हिंदी।



**कोसी अंचल का पुत्र**
**साहित्यिक नाम कुमार ÷अंचल÷**
**अनुरंजन कुमार÷अंचल÷**
**अररिया,बिहार**

दैनिक पुष्पांजली टुडे



## बॉलीवुड में ड्रग्स का मामला

# कोई जया के बचाव में आया तो किसी ने किया विरोध

## हेमामालिनी बोलीं- कपड़े पर दाग लगते हैं तो उन्हें धोकर साफ करने की जरूरत होती है

एक चैनल को दिए इंटरव्यू में बॉलीवुड पर लग रहे आरोपों की तुलना कपड़े पर लगे दाग से करते हुए हेमा ने कहा, ये जो ड्रग्स वगैरह की बातें हो रही हैं वह हर जगह होता है। आजकल बहुत ज्यादा फैला हुआ है। हमारी इंडस्ट्री में थोड़ा-बहुत आया होगा। जैसे कपड़े में कोई दाग लग जाता है, लेकिन धोने से निकल जाता है, उसी तरह इसे भी धोने की बेहद जरूरत है, लेकिन हमारी इंडस्ट्री बहुत अच्छी है और सुंदर है। कंगना का नाम लिए बिना हेमा ने कहा, जिनकी इतनी हिम्मत नहीं थी, कुछ बात करने की वे आजकल कुछ भी बोल रहे हैं, किसी भी कलाकार के ऊपर, ये देखकर बहुत ही दुख होता है। हमारे बड़े-बड़े कलाकार जिन्होंने यहां काम करके अपना नाम बनाया है, उनके बारे में आज आप कुछ भी बोल रहे हैं। आपकी इतनी हिम्मत कैसे हो गई ये गलत बात है, आपको उनका सम्मान करना चाहिए। हेमा ने आगे कहा, मैं इस इंडस्ट्री में बहुत सालों से हूं यहां मुझे इतना नाम इतना प्यार मिला है, आज अगर कोई इंडस्ट्री के बारे में गलत बात करेगा तो मैं ये नहीं देख सकती। हेमा ने कहा, ड्रग एडिक्शन के बारे में किसी ने कुछ बात छेड़ दी तो आप पूरी इंडस्ट्री को उसमें लपेट रहे हैं, यह बिल्कुल गलत है। मैं लोगों से कहना चाहती हूं कि बॉलीवुड बहुत सुंदर जगह और रचनात्मक दुनिया है, यह कला और संस्कृति का उद्योग है। नेपोटिज्म को लेकर हेमा ने कहा, पहले भी नेपोटिज्म जैसी कोई चीज नहीं थी। हम लोग अपने दम पर आगे बढ़े हैं। मेहनत की है, नाम बनाया है। सब कलाकार अपनी-अपनी मंजिल लेकर आते हैं। कोई किसी को बना नहीं सकता है, लेकिन मेहनत करना पड़ेगी। हां मौका जरूर भगवान की कृपा से मिलता है। बहुत से प्रोड्यूसर्स के बेटों ने इंडस्ट्री में आने की कोशिश की। अगर किसी डॉक्टर का बेटा डॉक्टर बनता है, वकील का बेटा वकील बनता है, उसी तरह फिल्म इंडस्ट्री के बच्चे भी अपने माता-पिता को देखकर इस फील्ड में आना चाहते हैं, लेकिन वे सभी सफल नहीं होते। सेलेब्स जिन्होंने किया जया का समर्थन- हेमा मालिनी, अनुभव सिन्हा, दीया मिर्जा, तापसी पन्नू, जेनेलिया देशमुख, सोनम कपूर, फरहान अख्तर, संजय खान, गुलशन देवैया। सेलेब्स जिन्होंने किया जया का विरोध- कंगना रनोट, रवि किशन, रणवीर शौरी, मनोज मुंतशिर, विवेक अग्निहोत्री, राजू श्रीवास्तव।





एक्ट्रेस और सांसद हेमा मालिनी भी बॉलीवुड के बचाव में उतर आई हैं। उनका कहना है कि मुझे बहुत दुख होता है, जब लोग ड्रग्स जैसी चीजों को लेकर बॉलीवुड के बारे में बुरी बातें करते हैं। साथ ही उन्होंने नाम लिए बिना कंगना रनोट पर भी निशाना साधा। हेमा ने यह बात जया बच्चन के राज्यसभा में दिए उस बयान के बाद कही, जिसमें उन्होंने कहा था कि सिर्फ कुछ बुरे लोगों की वजह से आप पूरी फिल्म इंडस्ट्री को बदनाम नहीं कर सकते।

## मुंतशिर बोले- जहर है तो उसे साफ करना होगा

गीतकार और लेखक मनोज मुंतशिर ने इस मामले में दो ट्वीट किए। पहले ट्वीट में उन्होंने लिखा, फिल्म जगत अगर थाली है, तो ये थाली सबकी है। यह सबकी भूख मिटाती है और सब अपनी मेहनत से इस थाली में रखने के लिए रोटियां कमाते हैं। कोई किसी के टुकड़ों पर नहीं पलता। इस थाली पर करक की जगह संविधान की मुहर है। यह थाली किसी एक परिवार, खानदान या वंश की बपौती नहीं है। अगर इस थाली में किसी बदजात ने जहर परोस दिया है...तो इसमें छेद करना जरूरी है...ताकि वो जहर बह के निकल जाए।



### संजय खान बोले- बॉलीवुड ने राजदूत की तरह काम किया है



एक्टर संजय खान ने कहा, जया बच्चन जी ने संसद में जो कहा है वह सही है। इस संस्था के योगदान को और समझना चाहिए, जिसे हम बॉलीवुड के नाम से पुकारते हैं। यह भारत की सुपर सॉफ्ट पावर है। बॉलीवुड ने देश को लेकर सम्मान, प्यार और जुड़ाव बढ़ाने के मामले में एक राजदूत की तरह काम किया है इंडस्ट्री के बेरोजगार और महत्वहीन तत्वों को जिम्मेदारी दिखानी चाहिए, न कि इस प्यारे परिवार के बारे में बदजुबानी करनी चाहिए, जिससे वे अपनी रोटी कमाते हैं। मीडिया को फिल्म उद्योग के प्रति सम्मान दिखाना चाहिए और तथ्यों को सनसनीखेज बनाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

### अनुभव सिन्हा ने लिखा था- रीढ़ की हड्डी ऐसी होती है



अनुभव सिन्हा ने जया बच्चन का समर्थन करते हुए मंगलवार को लिखा था, जया जी को सादर प्रणाम भेजता हूं। जिनको पता नहीं वे देख लें। रीढ़ की हड्डी ऐसी दिखती है। गुलशन देवैया ने जया बच्चन के समर्थन में कहा, जब लोग इस तरह की चीजों में बॉलीवुड का नाम लेते हैं तो मैं अपमानित महसूस करता हूं। मुझे पता है कि मुझे इसे दिल पर नहीं लेना चाहिए, क्योंकि यह मेरे लिए नहीं है, लेकिन यह घृणा अनावश्यक और असंवेदनशील है। मेरे और मेरे जैसे हजारों कड़ी मेहनत करने वाले ईमानदार लोग यहां हैं। फिर भी ऐसा लगता है कि हमारे लिए कोई सहानुभूति नहीं बची है। हमें देशद्रोही से लेकर राष्ट्रद्रोही तक कहा गया है। यह हमें स्वीकार्य नहीं है।

### रणवीर शौरी ने साधा जया पर निशाना



अभिनेता रणवीर शौरी ने इस मामले में किसी का नाम लिए बिना जया बच्चन का विरोध करते हुए लिखा, जो लोग बॉलीवुड की गंदगी के बचाव में सामने आए हैं, वे या तो गेटकीपर्स हैं, या फिर खुद उन्हें ले रहे हैं। अगर आपको किसी की व्हिसलब्लोइंग या उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पसंद नहीं आ रही, तो आप अपनी स्वतंत्रता का उपयोग करने के लिए स्वतंत्र हैं। यह मत देखिए कि हंगामा किस बात को लेकर है।







### अग्निहोत्री ने कहा- थाली चंद लोगों के पास

विवेक रंजन अग्निहोत्री ने जया के जिस थाली खाते हैं उसी में छेद करने वाली बात को लेकर अपने ट्वीट में लिखा, पहली बात, थाली चांदी की है। दूसरी बात, थाली सिर्फ चंद लोगों के पास है। थाली जिनके पास है वे राजा लोग हैं या उनके युवराज। बाकी सब रंक। जब रंक के पास थाली ही नहीं तो वे उसमें छेद कैसे करेंगे अब थाली में छेद नहीं, थाली बदलने का वक्त आया है। इसीलिए इतनी घबराहट, शायद।

### राजू श्रीवास्तव बोले- ड्रग सिंडिकेट की जांच हो

राजू श्रीवास्तव ने एक वीडियो जारी कर रविकिशन का समर्थन किया और सरकार से अपील की कि ड्रग्स सिंडिकेट की जांच होनी चाहिए। सफाई होनी चाहिए।

### जया ने इंडस्ट्री को गटर कहने पर जताई थी आपत्ति

इससे पहले मंगलवार सुबह जया बच्चन ने राज्यसभा में किसी का नाम लिए बिना कहा, जिन लोगों ने फिल्म इंडस्ट्री से दौलत और शोहरत कमाई, वे ही इसे गटर बता रहे हैं। मैं इससे बिल्कुल सहमत नहीं हूं। मुझे उम्मीद है कि सरकार ऐसे लोगों से कहे कि वे इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं करें। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कई ऐसे लोग हैं जो सबसे ज्यादा टैक्स भरते हैं, इसके बावजूद उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

### जिस थाली में खा रहे उसी में छेद कर रहे

आगे रवि किशन पर निशाना साधकर उन्होंने कहा, सिर्फ चुनिंदा लोगों की वजह से आप इस इंडस्ट्री की छवि को धूमिल नहीं कर सकते। कल मुझे बहुत शर्मिंदगी हुई जब लोकसभा में हमारे एक सदस्य ने जो कि खुद भी फिल्म इंडस्ट्री से हैं, उन्होंने इंडस्ट्री के खिलाफ बातें की। यह शर्मनाक है। जिस थाली में खाते हैं उसमें छेद करते हैं। गलत बात है। इंडस्ट्री को सरकार से सुरक्षा और समर्थन की जरूरत है।

## कंगना रनोट पर भड़कीं उर्मिला मातोंडकर

### हिमाचल प्रदेश ड्रग्स का गढ़ है तो वहां से इसके सफाए की लड़ाई शुरू क्यों नहीं करती कंगना

मुंबई और बॉलीवुड पर लगातार हमले बोल रही कंगना रनोट पर अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर भड़क गई हैं। उन्होंने कंगना को एक सलाह दी है। साथ ही कंगना द्वारा मुंबई को पाक अधिकृत कश्मीर बताए जाने पर नाराजगी जताई है। इंडिया टुडे के मराठी वेब चैनल मुंबई तक से बातचीत में उर्मिला ने बॉलीवुड में चल रही ड्रग्स डिबेट पर भी अपना पक्ष रखा है। पूरा देश ड्रग्स के खतरे का सामना कर रहा है। क्या उन्हें (कंगना) पता है कि हिमाचल प्रदेश ड्रग्स का गढ़ है कंगना को सबसे पहले अपने राज्य से इसकी शुरूआत क्यों नहीं करनी चाहिए। कंगना ने अपने ट्वीट में था कि वो ड्रग कनेक्शन का खुलासा करेंगी। इस पर उर्मिला ने कहा, टैक्स देने वालों के पैसों से उन्हें सिक्योरिटी की सुरक्षा क्यों दी गई है जबकि उन्होंने अभी तक ड्रग से जुड़े लोगों का खुलासा नहीं किया है। कंगना के मुंबई वाले कमेंट पर उर्मिला ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि मुंबई सभी की है। जिसने भी इस शहर से प्यार किया इस शहर ने उसे उतना ही प्यार दिया। शहर की एक बेटी के रूप में मैं इस अपमानजनक टिप्पणी कतई बर्दाश्त नहीं करूंगी। जब आप इस शहर के बारे में इस तरह के बयान दे रहे हैं तो यह केवल शहर के लिए नही बल्कि यहां के लोगों पर भी कीचड़ उछाल रहे हैं।





कंगना पर निशाना साधते हुए उर्मिला ने कहा, अगर कोई एक व्यक्ति हमेशा चिल्ला रहा है इसका मतलब यह नहीं है कि वो सच बोल रहा है। कुछ लोगों की आदत होती है हमेशा चिल्लाने की। पहले वो विक्टिम कार्ड प्ले करती हैं जब उसमें हार गईं तो फिर वुमन कार्ड खेलती हैं। कंगना रनोट और संजय राउत के बीच का विवाद 3 सितंबर को खुलकर सामने आया था, जब एक्ट्रेस ने एक ट्वीट में आरोप लगाया कि शिवसेना नेता ने उन्हें मुंबई न आने की धमकी दी है। साथ ही लिखा कि उन्हें मुंबई पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की तरह क्यों दिख रही है उनके इस कमेंट पर विवाद हो गया था। इसके अलावा सुशांत केस में ड्रग एंगल सामने आने के बाद बॉलीवुड में ड्रग्स के उपयोग पर कंगना ने पिछले दिनों कहा था, मैं रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, अयान मुखर्जी, विक्की कौशल से अनुरोध करती हूं कि वे ड्रग टेस्ट के लिए अपने ब्लड सैंपल्स दें, ऐसी अफवाहें हैं कि उन्हें कोकीन के नशे की आदत है, मैं चाहती हूं कि वे इन अफवाहों का भंडाफोड़ करें। अगर वे इसमें बेदाग निकले तो लाखों लोगों को प्रेरित कर सकते हैं।

## छोटे पर्दे पर एक बार फिर से छाएंगी जूही परमार हमारी वाली गुड न्यूज से कर रही हैं वापसी

टीवी की दुनिया में कई ऐसे सीरियल्स रहे हैं जिन्होंने छोटे पर्दे की एक्ट्रेसेस को एक अलग पहचान दी है। ऐसा ही एक सीरियल था कुमकुम। हर घर में शौक से देखे जाना वाला ये सीरियल अपने वक्त का हिट शो था। कुमकुम सीरियल से घर-घर में पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस जूही परमार एक बार फिर से टीवी पर वापसी कर रही हैं। जूही के फैंस के लिए ये किसी खुशखबरी से कम नहीं है। हालांकि इस बार जूही का अलग अंदाज दर्शकों को देखने को मिलेगा। क्योंकि इस बार वे बहू नहीं बल्कि सास का रोल निभाने वाली हैं। जूही परमार जल्द ही टीवी शो हमारी वाली गुड न्यूज में नजर आएंगी, और ज्यादातर शोज की तरह ये शो भी एक सास- बहु पर बेस्ड है।आपको बता दें - काफी वक्त बाद शो हमारी वाली गुड न्यूज से जूही परमार कमबैक कर रही हैं और इसमें उनके किरदार का नाम रेणुका होगा। अगर उनके किरदार की बात करें तो इस सीरियल में जूही एक ऐसी सास के अवतार में है जो अपनी बहू के बच्चे को अपने पेट में पालती हैं। यह ऐसी सास होगी जिनकी बहू मां नहीं बन सकती इसलिए वह अपने परिवार की खुशी के लिए यह कदम उठाती हैं। भले ही ये शो सास-बहू पर बेस्ड है लेकिन कहानी बिल्कुल हटकर है। इससे पहले किसी भी सीरियल में इस तरह की कहानी नहीं दिखाई गई है। वहीं अगर बात करें उनकी निजी ज़िंदगी की तो असल जिंदगी में जूही परमार एक सिंगल पेरेंट हैं। पति के साथ तलाक के बाद से ही वो अपनी बेटी की परवरिश अकेले कर रही है। बता दें कि हमारी वाली गुड न्यूज सीरियल में जूही परमार के साथ सृष्टि जैन और शक्ति आनंद जैसे एक्टर्स भी नजर आएंगे।





### अक्षय की फिल्म लक्ष्मी बम दिवाली पर होगी रिलीज

अक्षय कुमार की अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म लक्ष्मी बम की रिलीज डेट की घोषणा बुधवार को कर दी गई। ये फिल्म 9 नवंबर को एक प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। फिल्म का एक टीजर भी जारी किया गया है। जिसमें बैकग्राउंड में आवाज सुनाई देती है कि आज से तेरा नाम लक्ष्मण नहीं लक्ष्मी होगा। इस बारे में बताते हुए अक्षय ने सोशल मीडिया पर लिखा इस दिवाली आपके घरों में लक्ष्मी के साथ एक धमाकेदार बम भी आएगा। आ रही है #लक्ष्मी बम 9 नवंबर को, सिर्फ डिज्नी प्लस हॉटस्टार वीआईपी पर। पागलपन से भरी एक सवारी के लिए तैयार हो जाओ, क्योंकि #ये दिवाली लक्ष्मी बम वाली। टीजर में स्क्रीन पर लिखा आता है, जब समाज से निकाला हुआ व्यक्ति बेहद हिंसक हो जाता है। इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा किआरा आडवाणी, तुषार कपूर, शरद केलकर, अश्विनी कल्सेकर जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म के डायरेक्टर राघव लॉरेंस हैं और ये तमिल फिल्म मुनि 2: कांचना का हिंदी रीमेक है। लक्ष्मी बम पहले 22 मई 2020 को रिलीज होना था। लेकिन कोरोना महामारी की वजह से लगे लॉकडाउन की वजह से इसकी रिलीज टल गई और अब ये 9 नवंबर को रिलीज होगी। पिछले साल 3 अक्टूबर को अक्षय ने फिल्म से अपना फर्स्ट लुक शेयर करते हुए लिखा था, नवरात्रि आंतरिक देवी को नमन करने और अपनी असीम शक्तियों का उत्सव मनाने के बारे में है।

## आदित्य रॉय कपूर के साथ रोमांस करती नजर आएंगी तारा सुतारिया



बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर और एक्ट्रेस तारा सुतारिया को लेकर खबर है कि जल्द ये जोड़ी पर्दे पर एक साथ रोमांस करती नजर आएगी। खबर है कि आदित्य रॉय कपूर ने एक एक्शन फिल्म को साइन किया है, जिसे अहमद खान बना रहे हैं। फिल्म की एक्ट्रेस तारा सुतारिया हैं। इस फिल्म का शीर्षक ओम हो सकता है और यह एक्शन डायरेक्टर टीनू वर्मा के बेटे के निर्देशन में बनेगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह एक एक्शन से भरपूर फिल्म है। इस फिल्म में एक्शन के साथ साथ रोमांस भी देखने को मिलेगा। कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग नवंबर के आसपास शुरू करने की तैयारी में हैं। फिलहाल इस समय फिल्म के प्री प्रोडक्शन का काम चल रहा है और आदित्य ओम का अहम किरदार निभाने जा रहे हैं। यह फिल्म कन्नड़ की इसी नाम से बनी फिल्म की रीमेक हो सकती है लेकिन एक सूत्र के अनुसार ऐसी पुष्टि हुई है कि यह एक्शन जोनर की ओरिजिनल फिल्म हो सकती है। एक समय अहमद ने स्क्रिप्ट बेहद पसंद आने के बाद इसे डायरेक्ट करने का फैसला किया था लेकिन फिलहाल टाइगर श्रॉफ अभिनीत हीरोपंती 2 पर चल रहे काम की वजह से वह ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। फिल्म से जुड़े सूत्र ने बताया, अहमद खान ने अपने बैनर में बनने वाली एक्शन फिल्म के लिए तारा सुतारिया को अप्रोच किया था। तारा सुतारिया को अहमद खान की फिल्म की कहानी पसंद आई है और उन्होंने जुबानी तौर पर इसे साइन कर लिया है। अहमद खान फिल्म की शूटिंग डेट्स फाइनल करके तारा सुतारिया से बात करेंगे और अगर अदाकारा की डेट्स खाली होंगी तो वो आदित्य रॉय कपूर के साथ रोमांस करती दिखाई देंगी। दूसरी ओर अहमद अगले साल मार्च तक हीरोपंती 2 को शुरू करने वाले हैं।




CCA ENTERTAINMENT
CRM
CCA RETAIL MART
OPENING SOON...
CCA GROUP
CCA GROUP VENTURES
CCA ELECTRONICS
A VENTURE OF CCA DEVELOPERS
CCA DEVELOPERS
CCA ग्रुप आपके लिए लेकर आयें हैं
जीवन भर के लाभ का सुनहरा मौका,
मात्र 51,000/- रूपये देकर तुरंत प्लॉट की रजिस्ट्री करवाएं
और अपने सपनों का घर बनायें ।
A4
ANJANI DHAM
PHASE-4 • TEKANPUR
BOOKINGS OPEN
TEKANPUR PHASE 4
• ANJANI DHAM PHASE 1
• ANJANI DHAM PHASE 2
• ANJANI DHAM PHASE 3
• ANJANI DHAM PHASE 4
रियल एस्टेट इंडस्ट्री में पहली बार CCA ग्रुप लेकर आयें हैं
मात्र 85 RS प्रतिदिन में प्लॉट
पहले आएं पहले पायें
ऑफर सीमित समय के लिए उपलब्ध
• 0% FINANCE
• NO INTEREST ON EMI'S
• 120 MONTHS EASY INSTALLMENTS
Walk-In with just your bags and step into a new life.
Hurry! Offer Valid for Last Few Days
INFINITE
FOR MORE INFO CALL: +91 9294896672
• Office Address: 2nd Floor, Athena , Patel Nagar, Near SP Office, City Center, Gwalior M.P. - 474001 •

न्यूज. ब्रीफ

## लगातार दूसरे साल सबसे अधिक कमाई करने वाले फुटबॉलर बने मेसी

**बार्सिलोना।** स्पेनिश क्लब बार्सिलोना की ओर से खिलने वाले दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी लगातार दूसरे वर्ष सबसे अधिक कमाई करने वाले फुटबॉलर बने हैं। अमेरिकी मैग्जीन फोर्ब्स की साल 2020 की ताजा सूची में मेसी 126 मिलियन डॉलर (927.5 करोड़ रुपये) के साथ शीर्ष पर है। अर्जेंटीना के कप्तान मेसी ने पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और ब्राजील के नेमार सहित तमाम दिग्गज फुटबॉलरों को पीछे छोड़ते हुए लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष पर स्थान बनाया है। मेसी की 92 मिलियन डॉलर (करीब 677 करोड़ से अधिक) की कमाई वेतन से हुई है, जबकि 34 मिलियन डॉलर (250 करोड़ से अधिक) उन्हें एंडोर्समेंट से मिले हैं। इससे पहले वह साल 2019 में भी सबसे अधिक कमाई करने वाले फुटबॉलर बने थे। वहीं दूसरे नंबर पर ईटली के क्लब युवेंतस की ओर से खेलने वाले स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं। इस फुटबॉलर ने साल 2020 में 117 मिलियन डॉलर (861 करोड़ रुपये से ज्यादा) की रकम कमाई की है।

## विराट, रोहित और धोनी से काफी कुछ सीखा : श्रेयस

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को उम्मीद है कि 19 सितंबर से यहां शुरू हो रहे आईपीएल में वह बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। श्रेयस के अनुसार उन्होंने विराट कोहली, रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी से काफी कुछ सीखा है और उसी के अनुरुप में अपने खेल में कुछ बदलाव किये हैं। श्रेयस ने कहा कि उन्होंने विराट, रोहित और धोनी की कुछ विशेषताओं को अपने खेल में शामिल करने का प्रयास किया है। श्रेयस ने कहा, 'कुछ साल पहले तक मैं अपनी बल्लेबाजी के बारे में अलग तरह की सोच रखता था पर अब बदलाव आया है। इस युवा बल्लेबाज ने कहा कि विराट रोहित और धोनी को खेलते देखकर आप काफी कुछ सीखते हो। इसी को देखते हुए मैंने भी उनकी कुछ विशेषताओं को लिया है और प्रयास किया है कि अपनी बल्लेबाजी में इस्तेमाल करूं।' गत विश्व कप में भी इस बल्लेबाज को नंबर चार के लिए रखा गया था पर उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला।



चीन में महिलाओं की बाधा दौड़ में भाग लेती हुई झाओ, ल्यू सहित कई अन्य प्रतियोगी

## आईलीग में जगह बनाने का प्रयास कर रही मोहम्मडन स्पोर्टिंग

**नई दिल्ली।** फुटबॉल क्लब मोहम्मडन स्पोर्टिंग के कोच येन लॉ ने कहा कि क्लब का पहला कदम आईलीग फुटबॉल टूनार्मेंट के लिए क्वालीफाई करना होगा। मोहम्मडन स्पोर्टिंग अभी दूसरे डिविजन क्वालीफायर की तैयारी कर रही है। येन ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से कहा, अब हमारे लिए पहला कदम आईलीग में जगह बनाना है। हमारे पास एक अच्छी टीम है पर इसके बाद भी वह आईलीग में जगह नहीं बना पायी थी। उन्होंने कहा, हमें पता है कि टूनार्मेंट कितना कठिन हो सकता है। साथ ही कहा कि मोहम्मडन स्पोर्टिंग की तैयारी अच्छी है। वहीं अन्य टीमें भी आगे बढ़ने के लिए उतरेंगी। येन ने कहा कि दूसरे डिविजन क्वालीफायर के लिए टीम अभ्यास कर रही है।

कोरोना के कारण 950 करोड़ रु. का नुकसान

## अब इंग्लैंड भी तंगहाल: 20 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगा

लंदन ■ एजेंसी

कोरोनावायरस महामारी के कारण पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बाद अब इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। बोर्ड ने अपने 20% यानि करीब 62 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की तैयारी कर ली है। यह बात ईसीबी के सीईओ टॉम हैरिसन ने मंगलवार को जारी अपने बयान में कही है। हैरिसन ने ईसीबी की वेबसाइट पर जारी किए बयान में कहा, क्रिकेट को कोरोना के कारण अब तक 100 मिलियन पाउंड (करीब 950 करोड़ रुपए) का नुकसान हो चुका है। यदि यह महामारी 2021 समर तक चली तो 200 मिलियन पाउंड (करीब 1900 करोड़ रुपए) तक का नुकसान झेलना पड़ सकता है।

इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भी अपने 5 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल चुका है। साथ ही गैरजरूरी और अच्छा काम नहीं करने वाले वर्कर्स को निकालने की तैयारी कर रहा है। वहीं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मई में कुछ कर्मचारियों को नौकरी से निकाला था। साथ ही 80% कर्मचारियों को अगस्त तक सिर्फ 20% वेतन देने की बात कही थी। सीए ने अपने कुछ कर्मचारियों के लिए सुपरमार्केट में तीन महीने के लिए अस्थायी नौकरी भी तलाशी थी। यह बात खुद बोर्ड के मुख्य कार्यकारी केविन रॉबर्ट ने एक रेडियो शो में कही थी। हैरिसन ने कहा, हाल ही में हमने ईसीबी के स्ट्रक्चर और बजट की समीक्षा की थी। इस दौरान हमें खर्चे कम करने की जरूरत को महसूस किया। हमारे साथ काम कर रहे लोगों से भी इसको मंजूरी मिल चुकी है। बचत के लिए किए जाने वाले इन बदवालों से ईसीबी का हर एक हिस्सा प्रभावित होने वाला है।

ईसीबी सीईओ ने कहा, इस प्रस्ताव में 20% कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की बात भी है, जिसे मंजूरी मिल चुकी है। यानि अब करीब 62 लोगों को निकाला जा सकता है। साथ ही बचत के लिए कुछ पदों में बदलाव भी किया जाएगा। इस दौरान कुछ छोटी संख्या में भर्ती भी हो सकती है। साथ ही इस प्रस्ताव से जो हमारे साथी प्रभावित होंगे, हम उनकी मदद भी करेंगे।

आईपीएल पर कोरोना का असर: बेन स्टोक्स का खेलना भी मुश्किल

# चेन्नई सुपर किंग्स के रितुराज 14 दिन के बाद भी कोरोना पॉजिटिव, शुरूआती मैच नहीं खेल सकेंगे

- सचिन तेंदुलकर के बेटे और तेज गेंदबाज अर्जुन बतौर नेट बॉलर मुंबई इंडियंस से जुड़े
- कोरोना के कारण आईपीएल 19 सितंबर से 10 नवंबर तक यूएई में खेला जाएगा



दुबई ■ एजेंसी

चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज रितुराज गायकवाड़ 14 दिन बाद भी कोरोना पॉजिटिव हैं। ऐसे में उन्हें अभी भी क्वारेंटाइन में रहना होगा। वे अब शुरूआती मैच में नहीं खेल सकेंगे। नियम के मुताबिक, दो निगेटिव टेस्ट के बाद ही खिलाड़ी टीम से जुड़ सकता है। सुरेश रैना के हटने के बाद रितुराज के नंबर-3 पर खेलने की संभावना थी। अब इस नंबर पर अंबाती रायडू को मौका मिल सकता है। टीम को 19 सितंबर को ओपनिंग मुकाबले में मुंबई इंडियंस से भिड़ना है। इसके पहले तेज गेंदबाज दीपक चाहर निगेटिव आने के बाद पिछले हफ्ते टीम से जुड़े थे। इस बीच, मुंबई इंडियंस के साथ कैंप में सचिन तेंदुलकर के बेटे और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन तेंदुलकर भी शामिल हैं। उन्हें बतौर नेट बॉलर जगह दी गई है। राजस्थान रॉयल्स के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स के खेलने पर संशय बना हुआ है। उनके पिता कैंसर से जूझ रहे है, जिसकी वजह से वे परिवार के साथ न्यूजीलैंड में हैं। पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के बीच में ही स्टोक्स न्यूजीलैंड रवाना हो गए थे। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि वे आईपीएल से बाहर हो सकते हैं। राजस्थान को भी उनके खेलने या नहीं खेलने के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, यह मुश्किल समय है, इसलिए हम उन्हें पूरा समय दे रहे हैं। हमें नहीं पता कि वे अभी कहां हैं।

### खिलाड़ी अक्टूबर के तीसरे हफ्ते में यूएई पहुंच सकती हैं

बीसीसीआई महिला आईपीएल के मुकाबले भी यूएई में ही कराएगा। महिला टीम के मैच शारजाह स्टेडियम में खेले जा सकते हैं, क्योंकि यहां आईपीएल के सबसे कम 12 मैच होने हैं। 1 से 10 नवंबर के बीच महिला आईपीएल में 3 टीमों के बीच 4 मुकाबले खेले जाने हैं। सभी खिलाड़ी अक्टूबर के तीसरे हफ्ते में यूएई पहुंच सकती हैं। लीग से पहले उनका छोटा सा कैंप भी लगाया जा सकता है।

### इस बार विशेष रहेगा आईपीएल: सहवाग

पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के अनुसार आईपीएल को लेकर इस बार अधिक उत्सुकता इसलिए है क्योंकि प्रशंसक महेन्द्र सिंह धोनी की बल्लेबाजी देखना चाहते हैं। धोनी करीब एक साल से खेल से दूर हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह टूनार्मेंट इस बार खिलाड़ियों के साथ ही दर्शकों के लिए भी कुछ ज्यादा ही विशेष होगा। धोनी को फिर से पिच पर देखना निश्चित रूप से खुशी देने वाला होगा। धोनी आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते नजर आयेंगे। सहवाग ने कहा कि क्रिकेट भारतीयों की जिंदगी का अहम हिस्सा है।



## निवेशकों के पास कमाई का मौका अगले हफ्ते आएंगे दो आईपीओ

नई दिल्ली ■ एजेंसी

हैप्पीयसंट माइंड और रुट मोबाइल के इश्यू के मिले जबदस्त रिस्पांस के बाद आईपीओ बाजार में रौनक बढ़ गई है। अगले सप्ताह दो और आईपीओ कतार में हैं,जिसमें निवेशकों के पास कमाई का अच्छा मौका है। कम्प्यूंटर एजेंट मैंनेजमेंट सर्विस (सीएएमएस) तथा फार्मास्यूटिकल्स रसायन विनिमार्ता कंपनी केमकॉन स्पेशियल्टी केमिकल्स का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 21 सितंबर को आने की उम्मीद है। बैंकिंग सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

इससे पहले पिछले सप्ताह हैप्पिएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज और रूट मोबाइल के आईपीओ को संस्थागत के साथ खुदरा निवेशकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। सूत्रों ने बताया कि सीएएमएस और केमकॉन स्पेशियल्टी केमिकल्स का आईपीओ 21 सितंबर को खुलकर 23 सितंबर को बंद होगा।सीएएमएस का आईपीओ 1,500 से 1,600 करोड़ रुपये और केमकॉन स्पेशियल्टी केमिकल्स का 350 करोड़ रुपये का है। सीएएमएस के आईपीओ के तहत 1.22 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश की जाएगी। चेन्नई मुख्यालय वाली सीएएमएस का सह-स्वामित्व एनएसई इन्वेस्टमेंट्स, वारबर्ग पिन्कस, फेरिंग कैपिटल, एसीएसवाईएस इन्वेस्टमेंट्स तथा एचडीएफसी ग्रुप के पास है।

कंपनी के आईपीओ का प्रबंधन कोटक महिंद्रा कैपिटल, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और नोमुरा फाइनेंशियल एडवाइजरी एंड सिक्योरिटीज (इंडिया) प्राइवेट लि. कर रही है। वहीं बड़ौदा की कंपनी केमकॉन स्पेशियल्टी केमिकल्स के आईपीओ के तहत 175 करोड़ रुपये के नए शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 43 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश की जाएगी। इंटेन्सिव फिस्कल सर्विसेज और एंबिट कैपिटल आईपीओ की प्रबंधक हैं। इस साल अब तक कुल 4 आईपीओ आए हैं।एसबीआई कार्ड एंड पैंमेट सर्विस का आईपीओ मार्च में और रोसारी बॉयटेक का आईपीओ जुलाई में आया था।

## सरकार वर्चुअल करेंसी में ट्रेडिंग पर रोक लगाने के लिए बना सकती है नया कानून

- चीन ने हाल ही में वर्चुअल करेंसी में ट्रेड की छूट दी
- साल 2018 में आईबीआई ने क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग को बैन किया था।

नई दिल्ली ■ एजेंसी

क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग पर लगाम कसने के लिए केंद्र सरकार नया कानून लाने जा रही है। संसद में पेश करने से पहले इसे जल्द ही कैबिनेट में चर्चा के लिए पेश किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार ब्लॉकचेन को प्रोत्साहित करने के पक्ष में है। लेकिन सरकार क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग मामले पर राहत देने के मूड में नही है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक केंद्र सरकार क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग पर सख्ती बरतने के लिए नया कानून लाने की योजना पर काम कर रही है। इससे भारत अन्य एशियाई देशों के कतार में अलग नजर आएगा, जिन्होंने क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग को रेग्युलेट करना शुरू कर दिया है। सरकार के इस कदम से डिजिटल असेट्स में ट्रेडिंग करने वाले करीब



17 लाख भारतीय प्रभावित होंगे। इसके अलावा ट्रेडिंग करने वाली कंपनियों की बढ़ती संख्या पर भी असर पड़ेगा। जबकि सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग ब्लॉकचेन के उपयोग के लिए संभावित मार्गो को तलाश रही है। इसका उपयोग लैंड रिकॉर्ड, फार्मास्युटिकल ड्रग का सप्लाई चेन या एजुकेशन सर्टिफिकेट के मैनेजमेंट के लिया किया जा सकता है। वर्चुअल करेंसी संबंधित नए कानून पर भारत का फैसला काफी महत्वपूर्ण होगा। क्योंकि इससे अन्य एशियाई देशों के प्रोफेशनल्स भी प्रभावित होंगे। पड़ोसी मुल्क चीन ने भी साल 2017 में क्रिप्टोकरेंसी को बैन कर दिया था।

### क्रिप्टोकरेंसी पर बैन

इससे पहले साल 2018 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग से संबंधित मामले में मनी लांड्रिंग का हवाला देते हुए एक सर्कुलर जारी किया था। इसमें बैंकों को क्रिप्टोकरेंसी में कारोबार करने पर रोक लगाने का आदेश दिया गया था। आरबीआई के इस फैसले के खिलाफ इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) ने सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ एक याचिका दायर की। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने मार्च में फैसला देते हुए क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग पर राहत दिया था। न्यायमूर्ति रोहिंटन नरीमन की अध्यक्षता वाली पीठ ने इसकी सुनवाई की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मात्र दो महीनों में क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग लगभग 450 फीसदी का इजाफा हुआ था।

लेकिन हाल ही में क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग की छूट दी है। इसके अलावा सिंगापुर और दक्षिण कोरिया जैसे एशियाई देशों में भी क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेड होता है। हालांकि दोनों देश इसको रेग्युलेट भी करते हैं।

## निर्यात में लगातार छठे महीने गिरावट अगस्त में 12.66 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत के निर्यात में लगातार छठे महीने गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पेट्रोलियम, चमड़ा, इंजीनियरिंग सामान और रत्न एवं आभूषण के निर्यात में कमी से देश का कुल निर्यात अगस्त 2020 में एक साल पहले के इसी महीने के मुकाबले 12.66 प्रतिशत घटकर 22.7 अरब डॉलर रहा। निर्यात में अगस्त माह में आई यह गिरावट जुलाई की 10.21 प्रतिशत और जून में आई 12.41 प्रतिशत गिरावट के मुकाबले भी अधिक है। इससे पहले, पिछले साल 2019 के अगस्त में निर्यात 25.99 अरब डॉलर रहा था। आंकड़े के अनुसार देश का आयात भी इस साल अगस्त में 26 प्रतिशत लुढ़क कर 29.47 अरब डॉलर रहा। इससे व्यापार घाटा 6.77 अरब डॉलर पर आ गया जो एक साल पहले 2019 के इसी महीने में 13.86 अरब डॉलर के मुकाबले आधे से भी कम रह गया। जुलाई महीने में व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात का अंतर 4.82 अरब डॉलर था। तेल आयात आलोच्य महीने में 41.62 प्रतिशत घटकर 6.42 अरब डॉलर रह गया। सोने का आयात इस साल अगस्त महीने में उछलकर 3.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया जो अगस्त 2019 में 1.36 अरब डॉलर रहा था।

जिन प्रमुख जिंसों के निर्यात में गिरावट दर्ज की गई, उसमें पेट्रोलियम उत्पाद (-40 प्रतिशत), रत्न एवं आभूषण (-43.28 प्रतिशत), चमड़ा (-16.82 प्रतिशत), मानव निर्मित धागे/कपड़े/मेड-अप (-24.23 प्रतिशत), सभी प्रकार के तैयार परिधा (-14 प्रतिशत) और इंजीनियरिंग (-7.69 प्रतिशत) उत्पाद शामिल हैं।

न्यूज. ब्रीफ

## हार्पिक ने पूरे किए अपने 100 साल

**नई दिल्ली।** पिछले 100 वर्षों से, हार्पिक पूरी दुनिया को सफाई और स्वच्छता समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहा है। भारत में टॉयलेट सफाई श्रेणी में अग्रणी होने के नाते, हार्पिक दशकों से भारतीय घरों में सफाई और स्वच्छता का नेतृत्व कर रहा है। हार्पिक टॉयलेट क्लीनर और हार्पिक बाथरूम क्लीनर दोनों का परीक्षण अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त स्वतंत्र प्रयोगशालाओं द्वारा किया गया है और यह पाया गया है कि बिना पानी में मिलाय यह 99.9 प्रतिशत किटाणुओं और कोविड-19 वायरस को प्रभावी ढंग से मारने में सक्षम हैं। अपने नए ब्रांड विज्ञापन, साफ नही स्वच्छ के साथ हार्पिक अपने परिवार को स्वस्थ व खुशहाल रखने के लिए घरों में टॉयलेट और बाथरूम की बेहतर सफाई और डिसइनफेक्शन की आवश्यकता के बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक करता है।

## 21 सितंबर से चेक कर सकेंगे रेलवे एनटीपीसी भर्ती का एप्लीकेशन स्टेटस

**नई दिल्ली।** 2020-15 दिसंबर से शुरू होने वाली आरआरबी एनटीपीसी भर्ती परीक्षा को रेलवे भर्ती बोर्ड ( आरआरबी) ने अहम नोटिफिकेशन जारी किया है। नोटिफिकेशन ने आरआरबी ने घोषणा की है कि एनटीपीसी भर्ती परीक्षा के उम्मीदवार 21 सितंबर से अपना एप्लीकेशन स्टेस चेक कर पाएंगे। ऑनलाइन एप्लीकेशन की स्क्रूटिनी पूरी हो चुकी है। अब 21 सितंबर को उम्मीदवार यह चेक कर सकेंगे कि उनकी एप्लीकेशन स्वीकार कर ली गई है या फिर रिजेक्ट कर दी गई है। उम्मीदवार अपना एप्लीकेशन स्टेटस संबंधित आरआरबी की वेबसाइट पर जाकर 21 सितंबर से 30 सितंबर तक चेक कर सकेंगे। रेलवे ने कहा है कि संबंधित आरआरबी की वेबसाइट पर एनटीपीसी एप्लीकेशन स्टेटस का लिंक एक्टिव होगा जिस पर क्लिक करके उम्मीदवार अपने आवेदन के स्वीकार या खारिज होने की जानकारी हासिल कर सकेंगे। उम्मीदवारों अपना एप्लीकेशन रजिस्ट्रेशन नंबर और डेट ऑफ बर्थ डालकर स्टेटस चेक कर सकेंगे। जिन उम्मीदवारों की एप्लीकेशन रिजेक्ट हो गई है, उन्हें एसएमएस और ईमेल से इसकी सूचना दी जाएगी। लिंक 21 सितंबर से 30 सितंबर तक एक्टिव रहेगा। रेलवे ने यह भी कहा है कि उम्मीदवार नौकरी दिलाने के नाम पर ठगने वाले गिरोह से सावधान रहे। रेलवे भर्ती पूरी तरह सीबीटी और मेरिट पर आधारित होगी।

कॉरपोरेट डिफॉल्ट — एसडब्ल्यूएसएल का शापूरजी ग्रुप पर 2,644 करोड़ रुपए का बकाया था

## कर्ज चुकाने में विफल हुआ शापूरजी पालनजी ग्रुप, स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर को जून और सितंबर की किस्तों का भुगतान नहीं कर पाया

- प्रमोटर शापूरजी ग्रुप ने इस रकम में से 1,500 करोड़ रुपए चुका दिए हैं

नई दिल्ली ■ एजेंसी

शापूरजी पालनजी ग्रुप अपनी कंपनी स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर लिमिटेड(एसडब्ल्यूएसएल) को कर्ज का भुगतान करने में विफल हो गया है। यह बात एसडब्ल्यूएसएल ने बुधवार को शेयर बाजार को दी गई एक सूचना में कही। 1,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का डिफॉल्ट हुआ है। इसका भुगतान दो किस्तों में जून और सितंबर में होना था। एसडब्ल्यूएसएल ने प्रमोटर शापूरजी पालनजी ग्रुप को 2,644 करोड़ रुपए का लोन दिया था। स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर के आईपीओ के बाद 90 दिनों के भीतर इस लोन का भुगतान होना था। यह आईपीओ मध्य नवंबर 2019 को बंद हुआ था।

प्रमोटर ने क्रेडिट मार्केट की हालत तेजी से खराब होने का हवाला देते हुए लोन की बची हुई रकम को चुकाने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की थी। प्रमोटर ने अब तक 1,500 करोड़ रुपए चुका दिए हैं। 500 करोड़ रुपए का भुगतान 30 जून को और बाकी रकम का भुगतान 30 सितंबर को होना था। एसडब्ल्यूएसएल ने बुधवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि जून 2020 की 500 करोड़ रुपए की किस्त में से 103 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। प्रमोटर ने बाकी रकम का भुगतान करने के लिए सितंबर 2021 तक का समय मांगा है। प्रमोटर ने 15 सितंबर 2020 की तिथि वाले पत्र में बोर्ड से कहा है कि जून 2020 की किस्त में से 397 करोड़ रुपए की बची हुई रकम का भुगतान नहीं किया जा सका है और पहले कई मौकों पर बोर्ड को इसकी वजह बताई गई है। शेयर बाजार को दी गई सूचना में 30 सितंबर 2020 की किस्त के बारे में कहा गया है कि प्रमोटर ने बोर्ड से कहा है कि फंड जुटाने की एसपीसीपीएल और एसडब्ल्यूपीएल की कोशिश ऐसे कारणों से प्रभावित हुई है, जिन पर उनका नियंत्रण नहीं है। इसलिए प्रमोटर सितंबर 2020 की किस्त का भुगतान नहीं कर पाएगा। इसे देखते हुए प्रमोटरों ने करीब 1,200 करोड़ रुपए की संपत्तियों की सिक्युरिटी ऑफर की है। गौरतलब है कि पिछले दिनों शापूरजी ग्रुप ने टाटा संस में अपने शेयरों को प्लेज कर फंड जुटाने की कोशिश की थी, जिसे टाटा ग्रुप ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

### फर्स्ट राइट टू रिफ्यूज क्लाउज का हवाला देकर टाटा ग्रुप ने शापूरजी ग्रुप को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

टाटा संस ने उसके शेयरों पर किसी भी प्रकार के डायरेक्ट या इनडायरेक्ट प्लेज पर रोक लगाने की मांग की है। टाटा संस ने कहा है कि उसके शेयरों को प्लेज करने का आखिरी परिणाम यह होगा कि उसके शेयरों का ट्रांसफर होगा। आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के मुताबिक टाटा संस का कोई भी सदस्य यदि उसके शेयर बेचना चाहता है, तो सबसे पहले उन शेयरों को फेयर मार्केट वैल्यू पर खरीदने का अधिकार टाटा संस का होगा। टाटा संस द्वारा शेयरों को खरीदने से इंकार किए जाने के बाद ही कोई भी सदस्य किसी अन्य पार्टी को उसके शेयर बेच सकता है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गोहद जिला भिण्ड (म.प्र.)**

क्रमांक/न.पा./लो.नि./2020/1840 — गोहद, दिनांक 17/09/2020

**निविदा सूचना**

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत समस्त इच्छुक ठेकेदारों/सप्लायरों से निर्माण कार्य एवं सामग्री प्रदाय करने हेतु दरें आमंत्रित की जाती हैं–

| क्र | कार्य का नाम | अनु. लागत | टेण्डर आई.डी. | अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक भवन | 9,45,077/- | 2020_UAD_107167_1 | 19-10-2020 |
| 2 | सामुदायिक भवन | 9,45,077/- | 2020_UAD_107167_2 | 19-10-2020 |
| 3 | सामुदायिक भवन | 9,91,686/- | 2020_UAD_107167_3 | 19-10-2020 |
| 4 | विद्युत सामग्री | 30,00,000/- | 2020_UAD_107181_1 | 20-10-2020 |

कार्य व सामग्री के संबंध में विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**जिला भिण्ड (म.प्र.)**

# ग्वालियर



पुष्पांजली टुडे 08

ग्वालियर, शुक्रवार 18 सितम्बर 2020


## एक नजर...

### आचार्य आनंद क्लब ने राष्ट्र महापुरुषों के श्राद्ध में किया अन्न व वस्त्र दान सर्व व भोज में शामिल रहीं कन्या और महिलाएं...

#### यह भारत देश के निर्माताओं के प्रति अनुकरणीय श्रद्धा है...एसडीएम राजीव समाधिया

केशब पडित जी अम्बाह...

**अम्बाह...** समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा 5 वर्ष पूर्व शुरू की गई अनुठे श्राद्ध की परंम्परा के तहत गुरुवार को स्वतंत्रता संग्राम के अमर योद्धाओं, संतो महापुरुषों राष्ट्र नायकों, राष्ट्र निर्माण में सहयोगी स्व. साहित्यकारों आदि का श्राद्ध किया गया इस अवसर पर डॉक्टर सुधीर आचार्य ने बताया कि हम न जाने कितने जन्म जन्मांतर में विभिन्न जाति संप्रदाय में जन्म लेते हुये वर्तमान स्वरूप में हैं हमारा भारत देश के प्रत्येक ऋषि संत महात्मा महापुरुष राष्ट्र नायक शहीदों से प्रत्यक्ष परोक्ष संबंध है श्राद्ध पक्ष में उनके प्रति कृतज्ञता रखते हुए श्राद्ध करना हमारा कर्तव्य है इसी भाव के साथ प्रतिवर्ष सभी का श्राद्ध किया जाता है और सभी जाति वर्ग के लोगों को भोजन करा कर दान दक्षिणा दी जाती है,आयोजन के तहत पंडित बालकिशन शास्त्री ने अनाम शहीदों सहित अन्य महापुरुषों का तर्पण कराया। इस अवसर पर मनोज पंडित,देव गुर्जर, अंकित मिश्रा ,बालकृष्ण शर्मा, अरविंद मावई, बिंदुसार



सिंह तोमर, दुष्यंत तोमर, नरेश परमार,सुशील फिजियोथेरेपिस्ट आचार्य आनंद क्लब सहित आर्ट ऑफ लिविंग, रोटरी क्लब, संजीवनी मध्य प्रदेश अम्बाह की भूमिका रही।

### बढ़ते बिजली बिलों के भार व कम पॉवर की वजह से परेशान ग्रामीणों ने सौपा उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन



प्रेस –नारायणलाल सैणचा

**पाली।** बिजली बिलों की दरों में भारी बढ़ोतरी व बिजली पावर कम आने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। रोहट उपखण्ड् के सिराणा गांव के लोगों की और से हल्लाबोल कार्यक्रम के तहत विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके तहत सिराणा गांव के लोगों ने र रोहट बिजली विभाग कार्यालय व उपखण्ड कार्यालय पर प्रदर्शन कर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही से बार बार गांव में पावर लोड कम किया जा रहा है जिससे लोगों के घरेलू उपकरण सहित आमजन को जान माल की हानि पहुंच रही है। तथा गांव में अतिगरीब लोगों के साथ साथ आमजन को बढ़ते बिजली के बिलों को थमाया जा रहा है, जिससे गरीब लोगों के सामने बढ़ते बिलों को भरने में विकट समस्या पैदा हो रही है। इस समस्या के समाधान के बारें में कई बार सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन कोई इस और ध्यान नही दे रहा है।जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। इस दौरान युवा सेना अध्यक्ष यादवेंद्र सिंह जोधा, युवा कार्यकर्ता सूरजभान सिंह, नारायणराम, पुखाराम मेघवाल, खेताराम, इंसाफ खान, फिरोज खान , मुपाराम, रमेश, गनी खां , शंकर, अशोक, मोइनुदिन, चौथाराम, मोहनराम, रमेश, असकर खां, सादिक खां मौजूद थे।

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे

**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर 18 सितम्बर को ग्वालियर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री तोमर इस दिन प्रात- 9.30 बजे रेसकोर्स रोड़ ग्वालियर स्थित 38 नं. बंगले पर आयोजित कामकाजी व हाथ ठेला कार्ड वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री तोमर इसी दिन वार्ड-4 के अंतर्गत सायंकाल 4 बजे एकतानगर व 4.30 बजे उल्लासनगर में सीसी रोड़ का भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद सायंकाल 5.30 बजे वार्ड-5 के अंतर्गत आनंदनगर ग्वालियर क्षेत्र में जैन मंदिर की विभिन्न गलियों में बनने जा रही सीसी रोड़ का भूमिपूजन करने पहुँचेंगे।

# मूलभूत समस्याओं को ध्यान में रखकर कराए जा रहे हैं विकास कार्य – श्री तोमर

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने किया एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन





**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि उपनगर ग्वालियर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को ध्यान में रखकर विकास योजनाओं को मूर्तरूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा बड़े पैमाने पर पानी की टंकियों का निर्माण इस क्षेत्र में कराया गया है। साथ ही सीवर लाइनें भी बिछाई गई हैं, जिससे पेयजल और गंदे पानी की निकासी की समस्या का स्थायी समाधान हो जायेगा। श्री तोमर आज शहर के वार्ड- 1, 4 व 5 में लगभग एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा वार्ड-1 के सिद्ध बाबा की पहाडिया पर 37 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड़, वार्ड-4 ओमनगर में 26 लाख रूपये लागत की सीसी रोड़ एवं वार्ड-5 बदनापुरा में 42 लाख रूपए लागत की सीसी रोड़ का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में रूके हुए सभी कार्य सुचारू रूप से चालू करा दिए गए हैं।

श्री तोमर ने कहा कि एक करोड की लागत से बहोडापुर चैराहे का सौंदर्यीकरण, बहोडापुर से पुरानी छावनी तक फोर लेन सड़क बनने जा रही है। साथ ही ग्वालियर के युवाओं के लिए शीघ्र ही नये उद्योग स्थापित किये जायेगें। जिससे स्थानीय नागरिको कों ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिल सके। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, क्षेत्रीय पार्षद श्री जगतसिंह कौरव तथा सर्वश्री प्रयाग तोमर, आजाद खाँ व अजीत राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**बरा में किया विद्युतीकरण कार्य का भूमि पूजन**–ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युतीकरण के कार्य का भूमि पूजन करते हुए कहा कि सरकार अवैध कॉलानियों में निवासरत लोगों को भी सुचारू विद्युत आपूर्ति की सुविधा मुहैया करा रही है। सरकार द्वारा अवैध कॉलोनियों में भी विद्युतीकरण का कार्य कराया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि वार्ड-1 के ग्राम बरा में 33 लाख 87 हजार की लागत से विद्युतीकरण का कार्य किया जायेगा। उन्होने कहा कि क्षेत्र के निवासियों के साथ काफी समय से विद्युत की समस्या बनी हुई थी। आये दिन अप्रिय घटना घटित हो जाती थी, उन्ही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अवैध कॉलोनियों में विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है। श्री तोमर ने कहा विद्युतीकरण के तहत बिजली के खम्बे तो लगेंगे ही साथ ही सभी खम्बों पर सोडियम लाईट भी लगाई जायेगी, जिससे क्षेत्र प्रकाशमय हो जायेगा । उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए एक किलोवाट तक के 31 अगस्त तक के बिजली बिल स्थगित कर दिये गए हैं। अब सितम्बर का बिल ही दिया जायेगा, पिछला बकाया जोडकर नही दिया जायेगा।

# खुशी की खुशी देखकर मामाजी भी हुए खुशी से अभिभूत

**ग्वालियर।** खुशी आप भविष्य में क्या बनोगी। मामाजी मैं डॉक्टर बनना चाहती हैं। खुशी तुम खूब पढ़ो और खूब बढ़ो। मामा तुम्हारी पढ़ाई में हर तरह का सहयोग करेंगे। मामाजी का स्नेहिल भरोसा पाकर भाँजी यानि खुशी, खुशी से झूम उठीं। यह वर्चुअल संवाद प्रदेश सरकार के मुखिया श्री शिवराज सिंह चौहान एवं ग्वालियर जिले के ग्राम सहोना निवासी कु. खुशी परिहार के बीच हो रहा था। मुख्यमंत्री श्री चौहान राज्यव्यापी पोषण महोत्सव के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में निवासरत लाड़ली लक्ष्मियों का हालचाल जान रहे थे, जिसमें खुशी भी शामिल थी। खुशी के चेहरे पर झलक रही लाड़ली लक्ष्मी की खुशी देखकर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी कहा कि मैं भी खुशी से अभिभूत हूँ। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जिन बच्चियों को हमने गोद में लेकर लाड़ली लक्ष्मी बनाया था, वो अब बड़ी होकर सही मायने में लाड़ली लक्ष्मी बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने जब पूछा कि खुशी तुम कितने साल की हो गई हो तब उसने बताया कि मामाजी मैं 13 साल की हो गई हूँ और इस साल नवी कक्षा में पहुँच गई हूँ। तब मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत नवी कक्षा में प्रवेश पर सरकार ने आपके खाते में 4 हजार रूपए की छात्रवृत्ति जमा कराई है। इससे पहले भी छठवीं कक्षा में प्रवेश के समय 2 हजार रूपए की छात्रवृत्ति सरकार ने दी थी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जब पूछा कि आप पढ़-लिखकर क्या बनना चाहोगी, तो खुशी बोली कि मुझे डॉक्टर बनना है। तब मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा डॉक्टर बनने के लिये कड़ी मेहनत करनी होगी। बेटी अभी से तैयारी करो। जहाँ चाह वहाँ राह । आपको सफलता जरूर मिलेगी।

### विजपुर की डांग में एक युवक की हत्या

# 21 घण्टो में पुलिस ने पकड़ा आरोपी

## डांग में दोनों लोगों के बीच शराब के नशे में हुआ था विवाद

दबोह( अर्पित गुप्ता )। नशा सेहत के लिए हानिकारक ही नही है बल्कि जिंदगी तबाह भी कर देता है ऐसा जब पता चला चल युवक ने नशे की हालत में दूसरे युवक की हत्या कर दी।दरअसल मामला दबोह थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम विजपुर का है जहाँ बीती रात लगभग शाम 07 बजे दीपक ढीमर और फुस्सू विश्वकर्मा ने विजपुर गांव की डांग में शराब का नशा किया गया फिर किसी बात को लेकर आपस मे कहा सुनी हो गई बात गालियों और मारपीट तक पहुंच गई।जिसके चलते दोनो लोगो के बीच मौके पर ही हाथापाई लात घूंशो की होने लगी तभी वहीं पास में पड़े लकड़ी का खूटे से दीपक ढीमर ने फुस्सू के सिर पर बार कर दिया जिससे फुस्सू बढ़ई की मौके पर ही मौत हो गई।सुबह पुलिस को ग्रामीण द्वारा सूचित किया गया।



21 घण्टे में हत्या के आरोपी को

**पुलिस ने किया गिरफ्तार**–थाना प्रभारी विनोद विनायक करकरे ने बताया की आरोपी हत्या के बाद से ही फरार था जिसको मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर उसके घर आवास ग्रह दबोह से गुरुवार की शाम पकड़ा गया है।फिलहाल तो पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 302 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया गया।इस दौरान आरोपी को पकड़ने में आरक्षक राजू यादव,बलवीर दीवान जी,विकाश जाटव,कमलेश जाटव,गजेंद्र यादव,सतेंद्र गुर्जर आदि की अहम भूमिका रही।



### अम्बाह आज मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की तहसील इकाई अम्बाह ने श्रम के अधिष्ठाता भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती पर किया बिशेष कार्यक्रम

रिपोर्टर राधा तोमर अम्बाह...

**अम्बाह...**आज रतन वाटिका में आदरणीय डॉ. शिवराज सिंह तोमर प्राचार्य अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह के मुख्य आतिथ्य एवं श्री रामहेत त्यागी सम्भागीय अध्यक्ष म.प्र.राज्य संघ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में श्री दिनेश बाबू शर्मा एस .डी.ओ. सहाब पी.एच.ई.अम्बाह, श्री राजेश शुक्ला प्राचार्य बालक हाईस्कूल अम्बाह, श्री संजय शर्मा जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ ,श्री शिवचरण शर्मा जिला उपाध्यक्ष ,श्री रामप्रसाद सखवार पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे कार्यक्रम का संचालन नीलेश शर्मा तहसील अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ अम्बाह ने किया सर्वप्रथम कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा जी का पूजन अतिथि महोदय ने किया उसके उपरांत नीलेश शर्मा ने अतिथि महोदय का परिचय सभी कार्यकर्ताओं को दिया और उनका पुष्प हार से स्वागत किया श्री रामहेत त्यागी जी ने संघठन गीत दोहराया मुख्य अतिथि महोदय ने भगवान विश्व कर्मा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये बताया की हर कर्मचारी और मजदूर जो श्रम से अपनी जीीविका चला रहे है राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहे हैं वो सभी कर्मचारी साथी अपनी मेहनत से भगवान विश्वकर्मा का अवतार बन सकते है बस जरूरत है अपना कार्य ईमानदारी और मेहनत से करने का । उन्होंने बताया सचिन तेंदुलकर क्रिकेट ईमानदारी और मेहनत से खेले तो क्रिकेट के भगवान बन गय। कार्यक्रम का आभार व्यक्त करते हुये नीलेश शर्मा ने कहाँ की आज भगवान विश्व कर्मा जयंती के अवसर पर हम सभी अम्बाह तहसील कर्मचारी शपथ लेवे की अपनी मेहनत से अम्बाह तहसील के नवनिर्माण करेंगे आयोजन में श्री लाइक सिंह राठौर, श्री अनिल शर्मा, श्री पूरन व्यास, श्री राकेश शर्मा, श्री लाल, श्री रामेश्वर शर्मा, श्री अशोक शर्मा, श्री रवी तोमर आदि कर्मचारी साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी साथियों के हाथों को सेनेटाइज किया गया और सोसल डिस्टेंस का पालन किया गया

# महंगाई , बेरोजगारी एव आर्थिक मंदी पर शिवसेना का विरोध–प्रदर्शन

**जम्मू। (अमित कुमार )।** शिवसेना बाला साहेब ठाकरे जम्मू-कश्मीर ईकाई के नेताओं ने केंद्र सरकार पर बेरोजगारी, आर्थिक मंदी के साथ बेलगाम हो रही महंगाई को लेकर आज जम्मू में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मनीश साहनी के नेतृत्व में दर्जनों शिव सैनिकों ने कहा कि बेरोजगारी, एवं आर्थिक मंदी के बाद महंगाई जनता को खून के आंसू रुला रही है । साहनी ने कहा कि हर मुद्दे पर मुखर हो कर बोलने वाले , प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी भी चुप्पी ओडे बैठे हैं। मीडिया भी इन मुद्दों पर सरकार को घेरने के मूड में नजर नहीं आ रहा जो कि धोर चिंता का विषय है ।



मनीश साहनी ने कहा कि बेलगाम करोनाके साथ बढ़ती बेरोजगारी एव महंगाई, आर्थिक मंदी पर काबू पाने में केन्द्र सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो रही है । हमारी जीडीपी -23.9 के आंकड़े के साथ धूल चाट रही है, लोग अपनी नौकरियां खो रहे हैं , आलू , प्याज , टमाटर समेत आम जरूरत की चीजें के दाम आसमान छू रहे है । कोरोना पीड़ितों की संख्या का आंकड़ा प्रतिदिन एक लाख को छू रहा है , मगर सरकार के लिए शायद यह सब मुद्दे महत्व नहीं रखते। साहनी ने प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी से इन मुद्दों पर राहत के लिए वास्तविक और व्यावहारिक शुरुआत करने की अपील की। इस मौके पर अध्यक्ष महिला विंग मिनाक्षी छिब्बर, कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी गुप्ता, महासचिव विकास बख्शी, सचिव राज सिंह, महिला उपाध्यक्ष सोफिया सागू, संजीव सूदन, गीता रानी, मंगू राम , राजेश हांडा, डिम्पल उपस्थित थे।

## अम्बाह नवागत एसडीएम राजीब समाधिया की सराहनीय पहल से किसानों को नही लगाने पड़ेंगे चक्कर..

अम्बाह व पोरसा तहसील के किसानों को बड़ी राहत ...

केशब पडित जी अम्बाह...

**अम्बाह...** एसडीएम राजीव समाधिया ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही तहसील के किसानों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया है जिसके तहत सैकड़ों किसानों एवं काश्तकारों को बड़ी राहत मिलेगी दरअसल मध्य प्रदेश शासन ने भू राजस्व संहिता में संसोधन करके रिकॉर्ड दुरुस्ती के मामलों में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार से अधिकार लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अधिकार सौंप दिए थे परंतु तहसीलदारो अभिभाषको एवं आमजन में कुछ भ्रम की स्थिति के कारण बहुत सारे काम जो कि रिकॉर्ड सुधार की परिधि में नहीं आते थे वह भी अनुभाग अधिकारी राजस्व के यहां के न्यायालय में दर्ज होने लगे थे जिससे 115,116 की न्यायालयीन प्रक्रिया लंबी होने के कारण किसानों को काफी दिनों तक पटवारी से लेकर ह्यस्त्रद्व न्यायालय तक चक्कर लगाना पढ़ते थे अब एसडीएम राजीव समाधिया ने सभी अधीनस्थों को इस बाबत निर्देश प्रसारित किए हैं कि दौनो तहसील के तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक व सभी पटबारियो को निर्दैसित किया है कि रिकार्ड सुधार लिये वही मामले आये जिसमे नाम,रकवे, व नक्शे मे गल्ती हो और सभी मामले रिकार्ड सुधार से सम्बधित न होकर अमल से संम्बधित है और एसडीएम तहसीलदार का कोर्ट का कोई आदेश है 5 या 10 बर्ष से अमल न हुआ हो ऐसे सभी मामलो कू सन्तुष्ट कर आदेश करेगे इसके अलाबा हस्तलिखित खसरे मे नाम चला आरहा हो कम्पूटर पर अमल है परन्तु बेव पर जीआईएस मे गल्ती दिख रही हो तहसीलदार व नायर तहसील दार ही करेंगे।


छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।

पुष्पांजली टुडे

E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478